अनुराग
हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

# संदिग्ध हालात में गर्भवती की मौत

## खोजीपुर रमपुरा गांव में हुई घटना, मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

संवाददाता छिबरामऊ

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत खोजीपुर रमपुरा गांव में गर्भवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के परिजनों ने ससुरालीजनों पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



सुमनलता।



अस्पताल में गमगीन बैठे मृतका के परिजन। अमृत विचार

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुमनलता (24) पत्नी इंद्रेश प्रजापति 7 माह की गर्भवती थी। मंगलवार शाम उसकी अचानक मौत हो गई। ससुराल पक्ष का कहना है कि दोपहर में सुमनलता की तबीयत अचानक बिगड़ी और लगातार दस्त होने लगे। परिजन आनन-फानन छिबरामऊ पीएचसी (महिला अस्पताल) लेकर पहुंचे। यहां प्राथमिक उपचार और दवा देने के बाद डॉक्टर ने उसे घर भेज दिया। दवा से कुछ समय के लिए आराम भी मिल गया था। परिजनों के मुताबिक, शाम को अचानक उसकी हालत फिर से बिगड़ी। घर वाले उन्हें तत्काल नगला दिलू के सौ शैय्या' अस्पताल लेकर भागे, लेकिन वहां डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया।

डॉक्टरों के अनुसार अस्पताल आने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। उसकी शादी 23 मई 2025 को ग्राम खामा (पोस्ट ठठिया, तिर्वा) से खोजीपुर रमपुरा निवासी इंद्रेश प्रजापति के साथ हुई थी। घटना की जानकारी मिलते ही मायके में कोहराम मच गया। मृतका की मां कुसमा और भाई पुष्पेंद्र ने ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप लगाया है।

हालांकि ससुराल पक्ष का दावा है कि उन्होंने घटना की सूचना तुरंत मायके वालों को दे दी थी लेकिन मायके पक्ष के लोग अगले दिन सुबह 9:00 बजे तक भी अस्पताल नहीं पहुंचे थे। पति इंद्रेश दिल्ली में प्राइवेट कंपनी में कार्यरत है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का स्पष्ट खुलासा हो सकेगा। फिलहाल क्षेत्र में यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है।

### युवक ने फंदा लगा कर दी जान

**गुरसहायगंज।** किसी बात से नाराज युवक ने घर के अंदर कमरे में गले में फंदा डाल कर आत्म हत्या करली।कोतवाली क्षेत्र के जसोदा चौकी के गांव पाहला निवासी विनोद कुमार के 20 वर्षीय पुत्र सुनील यादव ने सोमवार की देर रात्रि किसी बात से नाराज होकर घर के अंदर कमरे में गले में फंदा डाल कर आत्म हत्या करली। मंगलवार की सुबह जब कमरे में कोई हलचल नहीं सुनाई दी तो परिजनों ने दरवाजा खोलकर देखा तो सुनील फंदे पर लटका मिला था। मामले की सूचना यूपी 112 पुलिस व जसोदा चौकी प्रभारी धर्मेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। चौकी प्रभारी ने बताया कि सुनील तनाव में रहता था इसी के चलते उसने फंदा डाल कर आत्महत्या कर ली। परिजनों के लिखकर देने पर पोस्टमार्टम नहीं कराया गया।

### जांच में सुस्ती का फायदा उठा रहे स्कूली वाहन

**कन्नौज।** स्कूली वाहनों की जांच करने में विभाग को रुचि नहीं है। इससे शासन की मंशा के अनुसार काम नहीं किया जा रहा है। ऐसे में स्कूली वाहनों के संचालन में मनमानी की जा रही है।

बच्चों की सुरक्षा को लेकर शासन ने सख्त रुख अपनाया है। आदेश दिया कि एआरटीओ अपने जनपद के स्कूलों में बच्चों को लाने व लेजाने के लिये लगे वाहनों की गंभीरता से जांच की कराएं। जांच रिपोर्ट को पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश परिवहन आयुक्त ने दिये हैं। विशेष चेकिंग अभियान एक अप्रैल से 15 अप्रैल तक चलना है। इस अवधि में जिले के सभी स्कूली वाहनों की जांच करना है। जिले में एआरटीओ कार्यालय में पंजीकृत स्कूली वाहनों की जांच हो रही या नहीं इस की जानकारी नहीं दी जा रही है। जानकार बताते हैं कि एआरटीओ कार्यालय की मिलीभगत से सब औपचारिकताओं में किया जा रहा है। बताया जाता है कि जिले के कुछ स्कूली वाहनों को छोड़कर अधिकतर वाहनों में कोई न कोई कमी है। अधिकतर में फायर यंत्र एक्सपायर हो चुके हैं। दिखावे को वह वाहनों में टंगे है।



नादेमऊ के मुख्य तिराहे पर प्रतीक्षालय में चल रही दुकान। अमृत विचार

# प्रतीक्षालय में चल रही दुकान राहगीर, स्कूली बच्चे परेशान

संवाददाता सौरिख

- पहले ही हो चुका था जर्जर और अब हो गया है अवैध कब्जा

**अमृत विचार।** कस्बा नादेमऊ में स्थित एकमात्र सार्वजनिक प्रतीक्षालय पर अवैध कब्जा हो गया है। यह प्रतीक्षालय नादेमऊ के मुख्य तिराहा मार्ग पर स्थित है। यहां बैठकर राहगीर व स्कूली बच्चे सुस्ता लिया करते थे लेकिन अब यहां पानी, नमकीन आदि की दुकान खोलकर कब्जा कर लिया गया है। जिम्मेदार बेखबर हैं।

स्थानीय लोगों के अनुसार, प्रतीक्षालय पहले से ही जर्जर (खंडहर) हालत में था। अब उस पर कब्जा भी कर लिया गया और इसमें छुटपुट सामान की दुकान संचालित की जा रही है। इससे आने-जाने वाले लोगों, खासकर स्कूल जाने वाले लड़के-लड़कियों को जरा देर आराम करने के लिए कोई जगह यहां नहीं बची है। गर्मी, बारिश और धूप में उन्हें खुले में ही खड़े रहना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि न तो प्रशासन इस कब्जे को हटाने की कोई कार्रवाई कर रहा है और न ही नए प्रतीक्षालय के निर्माण की पहल की जा रही है।

इस समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियों की भी उदासीनता साफ नजर आ रही है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द अवैध कब्जा हटाकर प्रतीक्षालय को पुनः चालू कराया जाए या नया प्रतीक्षालय बनवाया जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### जीव विज्ञान, कृषि, संगीत गायन व वादन के भी प्रैक्टिकल घोषित

**कन्नौज।** डीआईओएस पप्पू सरोज ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के इंटरमीडिएट के प्रैक्टिकल से छूटे परीक्षार्थियों की परीक्षा का अंतिम मौका देते हुए कार्यक्रम घोषित हो गया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 की इंटरमीडिएट प्रयोगात्मक परीक्षा 09 व 10 अप्रैल को दो दिन होगी। भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज सिकंदरपुर में भूगोल, गृह विज्ञान, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान व कंप्यूटर के साथ ही अब जीव विज्ञान, कृषि भाग-01 व भाग 02 की प्रयोगात्मक परीक्षा कराई जाएगी। राजकीय इंटर कॉलेज चुन्नीगंज कानपुर में सैन्य विज्ञान, ग्रंथ शिल्प, खाद्य एवं फल संरक्षण, रंगीन फोटो ग्राफी व ऑटोमोबाइल/ आशुलिपिक एवं टंकण हिन्दी के साथ ही संगीत गायन व वादन के प्रैक्टिकल होंगे। सभी प्रधानाचार्यों से कहा गया है कि परीक्षार्थियों को इसकी जानकारी अवश्य दें।

### भगवान परशुराम शोभा यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक आज

**छिबरामऊ।** नगर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में निकलने वाली भव्य शोभा यात्रा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसको लेकर गुरुवार को बैठक आहूत की गई है। संगठनों के पदाधिकारियों और भक्तों ने एक अनौपचारिक बैठक कर कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा की। उपस्थित भक्तों ने संगठन की जिम्मेदारी संभालने और यात्रा को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। भगवान परशुराम उत्थान सेवा समिति द्वारा निर्णय लिया गया है कि यात्रा के सफल संचालन और सामूहिक मार्गदर्शन के लिए एक विस्तृत बैठक आज सायं 5 :00 बजे स्थान तिवारी होटल जीटी रोड पर होगी।

### तीन ई रिक्शा से 6 बैटरी चोरी

**गुरसहायगंज।** कस्बा सरायप्रयाग निवासी राजेश कश्यप, चंदन गिहार और विशाल ई-रिक्शा चलाते हैं। मंगलवार की रात उन्होंने अपने घर के बाहर रोज की तरह ई- रिक्शा खड़ा कर दिया। रात किसी समय चोरों ने तीनों रिक्शा में लगी 6 बैटरी चोरी कर ली। मामले की सूचना सराय प्रयाग चौकी पर दी गई है।

### स्मार्ट मीटर के खिलाफ महाआंदोलन आज

**छिबरामऊ।** जनपद के विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं और स्मार्ट मीटरों को लेकर धांधली के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) ने आर-पार की जंग का ऐलान कर दिया है। गुरुवार को छिबरामऊ स्थित बिजली घर पर विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा।पिछले काफी समय से जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों, ब्लॉकों और कस्बों के उपभोक्ता स्मार्ट मीटर की गड़बड़ियों और बिजली विभाग की कथित मनमानी से परेशान हैं। संगठन का कहना है कि यह आंदोलन केवल किसानों का नहीं बल्कि हर उस आम आदमी का है जो विभाग की कार्यशैली से पीड़ित है।भाकियू (अराजनैतिक) के नेतृत्व में होने वाले इस प्रदर्शन के लिए संगठन ने अपने पदाधिकारियों को विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

### मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कल

**कन्नौज।** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के अंतर्गत अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 10 अप्रैल को जनपद के समस्त मतदेय स्थलों पर किया जाएगा। इस संबंध में विधानसभा एवं मतदेयस्थलवार अंतिम मतदाता सूचियाँ जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों/उप जिलाधिकारियों को उपलब्ध करा दी गई हैं। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा सुपरवाइजर्स के माध्यम से अंतिम मतदाता सूचियाँ बीएलओ को उपलब्ध कराई जा रही हैं। ये सभी 10 अप्रैल से एक सप्ताह तक मतदेय स्थलों पर उपस्थित रहकर मतदाता सूची को जनसामान्य के निरीक्षण हेतु उपलब्ध कराएंगे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संवाद के लिए 07 युवाओं का चयन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 'बजट क्वेस्ट' प्रतियोगिता में हल किए थे ऑनलाइन प्रश्न

**अमृत विचार।** मेरा युवा भारत (माई भारत) पोर्टल की ओर से फरवरी में 'बजट क्वेस्ट' ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता हुई थी। इसमें जिले के 07 युवक-युवतियों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ है जिनको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ संवाद का मौका मिलेगा।

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के तहत संचालित इस प्रतियोगिता में पोर्टल पर बजट से संबंधित प्रश्न अपलोड किए गए थे, जिन्हें प्रतिभागियों ने ऑनलाइन हल किया। जिला युवा अधिकारी सागर महेश्वरी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य युवाओं में वित्तीय साक्षरता बढ़ाना तथा उन्हें देश की आर्थिक नीतियों से जोड़ना भी था। मंत्रालय ने हाल ही में इस प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया, जिसमें कन्नौज जनपद के सूरज सिंह, वैष्णवी गुप्ता, शोयब, आरोही चतुर्वेदी, शालू गुप्ता, ऋषभ कुमार एवं अभय कुमार का चयन हुआ है। जिला युवा अधिकारी ने बताया कि यह जनपद के लिए गर्व का विषय है कि यहां के युवाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर स्थान प्राप्त किया है।

चयनित प्रतिभागी लखनऊ में विशेष कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। 12 अप्रैल को महिलाओं की मॉक पार्लियामेंट का आयोजन होगा, 13 अप्रैल को प्रतिभागियों को प्रधानमंत्री के साथ संवाद कार्यक्रम में शामिल होने का मौका मिलेगा।

### विश्व बंधुत्व की भावना भारतीय संस्कृति की देन

**तिर्वा।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, तिर्वा में बुधवार को वंदना सत्र के उपरांत विद्या भारती (पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र) की 'संस्कृति बोध परियोजना' के अंतर्गत एक विशेष मार्गदर्शन सत्र हुआ। इसमें भारत की गौरवशाली परंपराओं पर प्रकाश डाला गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अभियान प्रमुख राजेंद्र देव त्रिपाठी ने पीपीटी के माध्यम से बताया कि संस्कृति बोध परियोजना के अंतर्गत अखिल भारतीय स्तर पर पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। उन्होंने संस्कृति महोत्सव, संस्कृति ज्ञान परीक्षा और अखिल भारतीय निबंध प्रतियोगिता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भारत की गौरवशाली परंपराओं को विस्तार से समझाया।

# अभी कई फार्मर रजिस्ट्री तैयार होना बाकी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिले में करीब 29 हजार किसानों को लाभ मिलना अभी बाकी है
- नजरापुर में 12 किसान अन्य ब्लॉकों के निकले, 02 जनपद व प्रदेश से बाहर रहते

**अमृत विचार।** जनपद में लगभग 29,000 ऐसे कृषक जो प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ ले रहे हैं, उनकी फार्मर रजिस्ट्री तैयार होना बाकी है। सदर विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत नजरापुर में 97 कृषक पंजीकरण के लिए चिन्हित थे, जिनमें 10-12 किसान अन्य विकास खंडों से संबंधित हैं। 02-03 किसान जनपद/ प्रदेश से बाहर (दिल्ली, मुंबई आदि) निवास कर रहे हैं। 10-12 मामलों में पारिवारिक उत्तराधिकार) से संबंधित प्रविष्टियां लंबित हैं।

डीडी कृषि ने बताया कि 06 अप्रैल से कृषि एवं राजस्व विभाग ने विशेष अभियान शुरू किया है। राजस्व ग्रामों में शिविर लगाकर कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराई जा रही है। एसडीएम सदर वैशाली ने नजरापुर में शिविर का




शिविर में मौजूद एसडीएम वैशाली, डीडी कृषि संतोष कुमार व अन्य लोग। अमृत विचार

निरीक्षण किया। निर्देश दिए कि ऐसे सभी प्रकरणों का उसी दिन निस्तारण कर शत-प्रतिशत फार्मर रजिस्ट्री बनाई जाए। डीडी कृषि ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सोलर पंप, कृषि यंत्रीकरण, खाद-बीज वितरण एवं उपज विक्रय सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य की जा रही है। किसान विभागीय शिविर, जनसेवा केंद्र या मोबाइल एप से शीघ्र अपना पंजीकरण कराएं। इसके बाद एसडीएम ने आंधी एवं वर्षा से फसलों को हुए नुकसान का भी आकलन किया।

### हादसे के पीड़ित परिवारों से मिले पूर्व विधायक

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पूर्व विधायक ने शोक संतप्त परिवारों को सांत्वना दी और सरकार से मांग की कि प्रत्येक पीड़ित परिवार को कम से कम 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाए तथा दोषी वाहन चालक को जल्द गिरफ्तार किया जाए।

मोहल्ला गणेश चौधरी निवासी मोहम्मद वसीम पुत्र मोहम्मद मतीन, सत्तार पुत्र अब्दुल रज्जाक तथा मोहल्ला ग्रेसीगंज निवासी अल्ताफ पुत्र इकबाल शादी समारोह से लौट रहे थे। किशनी थाना क्षेत्र में हुए भीषण हादसे में तीनों की मौत हो गई थी। बुधवार को पीड़ित परिवारों से उनके घर मिलने पहुंचे ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि समाजवादी पार्टी इन पीड़ित परिवारों के साथ पूरी मजबूती से खड़ी है।

# दरोगा को तत्काल हटाने की मांग

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** तालग्राम थाने में तैनात दरोगा के कारनामों को लेकर भारतीय किसान यूनियन (स्वराज) के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री व पुलिस महा निदेशक को संबोधित ज्ञापन एसपी को सौंपा। उन्होंने जांच कराकर संबंधित पर कार्रवाई की मांग की है।

बुधवार को जिलाध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह राठौर कार्यकर्ताओं व किसानों के साथ एसपी विनोद कुमार से मिले। मुख्यमंत्री व पुलिस महानिदेशक को संबोधित 04 सूत्री मांगों का ज्ञापन सौंपा। इसमें थाना तालग्राम में तैनात दरोगा दिनेश चंद्र यादव पर महिलाओं से अभद्रता करने समेत कई आरोप लगाये। कहा कि ग्राम कलकत्तापुर्वा (कुडरा) में एक जिम संचालक



एसपी से शिकायत करने आये भारतीय किसान यूनियन स्वराज के पदाधिकारी व किसान।

द्वारा दिए गए दूषित जहरीले पाउडर के सेवन से दिसंबर 2025 में एक युवक की मृत्यु हो गई थी इसकी रिपोर्ट दर्ज की गई थी। विवेचक एसएचओ आरोपी से सांठगांठ करके गिरफ्तारी नहीं कर रहे हैं। 26 मार्च 2026 को दरोगा मोहल्ला गिरीकुआं निवासी एक विधवा अकेली महिला के घर में बिना आवाज व कुंडी खटकाए जबरन घुस गए थे। विधवा ने नाराजगी जताते हुए शिकायत की तो दरोगा ने उसके भाई व एक अन्य पर शांतिभंग की कार्रवाई करदी। इसी तरह और आरोप लगाए। उन्होंने दरोगा का जनपद से बाहर स्थानांतरण किए जाने, समस्त आरोपों की त्वरित निष्पक्ष जांच सहित विभागीय कार्यवाही किए जाने की मांग की है। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

### मान्यता होने पर ही अनुमन्य विषयों में लें छात्रों के प्रवेश

**कन्नौज।** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज के सचिव भगवती सिंह ने जनपद में अनाधिकृत/ अमान्य विद्यालयों के संचालन पर कार्रवाई करने को कहा है।

जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने बताया कि मान्यता प्राप्त संस्थाओं के संचालन के लिए परिषद की नियमावली है। यदि कोई मान्यता प्राप्त संस्था किसी अमान्य वर्ग या विषय में छात्रों का प्रवेश अथवा अनियमित एवं अनधिकृत रूप से एडमीशन करता है, तो ऐसी संस्था के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। विधिवत मान्यता होने के बाद ही संस्थाएं केवल अनुमन्य वर्ग/ विषयों में छात्रों का प्रवेश ले सकेंगी।

# अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण को 1.20 करोड़ रुपये खातों में पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- डीएम ने दो ग्राम पंचायतों के लिए दिया अनुमोदन, 08.46 लाख रुपये भेजे गए

**अमृत विचार।** राशन वितरण के लिए जनपद में अन्नपूर्णा भवनों (उचित दर दुकानों) का निर्माण हो रहा है। निर्माणाधीन 26 भवनों के लिए दूसरी किस्त 01 करोड़ 11 लाख 86 हजार 786 रुपये भेज दी गई है। साथ ही 02 नए भवनों को स्वीकृति मिली है। इसकी प्रथम किस्त 08 लाख 46

जिला पूर्ति अधिकारी राजीव मिश्र ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिलाधिकारी ने कुल 36 अन्नपूर्णा भवनों के निर्माण की कार्ययोजना 28 अगस्त 2025 को आयुक्त, खाद्य एवं रसद विभाग लखनऊ को भेजी थी। आयुक्त ने पहले चरण में 26 ग्राम पंचायतों में अन्नपूर्णा भवन निर्माण की स्वीकृति देकर प्रथम किस्त उपलब्ध कराई। जिलाधिकारी ने निर्माण के लिए नामित कार्यदायी संस्था को दिसंबर 2025 में प्रति ग्राम पंचायत 04 लाख 15 हजार 938 रुपये के हिसाब से पहली किस्त कुल 01 करोड़ 08 लाख 14 हजार 388 रुपये भेजी थी। जिला पूर्ति अधिकारी का कहना है कि निर्माण कार्य वर्तमान में स्लैब स्तर तक हो चुका है। इसको देखते हुए आयुक्त ने द्वितीय किस्त स्वीकृत कर दी है। 30 मार्च को प्रति ग्राम पंचायत 04 लाख 30 हजार 261 रुपये के हिसाब से कार्यदायी संस्था को हस्तांतरित कर दी गई। इसके अतिरिक्त 02 अन्य अन्नपूर्णा भवन निर्माण के लिए बजट मिलने व जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री से अनुमोदन के बाद 28 मार्च को प्रथम किस्त प्रति ग्राम पंचायत 04 लाख 23 हजार 100 रुपये भेजे गए हैं। यहां भी निर्माण कार्य शुरू हो गया है। डीएम ने संबंधित कार्यदायी संस्था, प्रधान, पंचायत सचिव एवं कंसल्टिंग इंजीनियर को निर्देश दिए हैं कि निर्माण कार्य मानक के तहत एक माह में पूरा कराएं, जिससे राशन कार्डधारकों को शीघ्र ही बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

# बेसमेंट में कराना है निर्माण तो देनी होगी सूचना

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** भले ही जमीन आपकी है और मकान भी लेकिन यदि बेसमेंट में निर्माण कराना है तो इसके लिए प्रशासन को सूचना देनी होगी। यह जानकारी देते हुए प्रभारी अधिकारी खनिज/अपर जिलाधिकारी देवेंद्र कुमार ने बताया कि जनपद में आवासीय बेसमेंट के निर्माण के दौरान होने वाली समस्याओं के निस्तारण के लिये जिलाधिकारी कार्यालय (खनिज विभाग) में संबंधित अभिलेख के साथ सूचनार्थ प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने के बाद ही निर्माण किया जा सकता हैं।

उन्होंने बताया कि खनन विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में अवैध खनन के 15 वाहन एवं अवैध परिवहन के 202 वाहनों पर कार्रवाई करते हुये 128.88 लाख रुपये राजस्व वसूला गया। आगे चेताया कि कि अवैध खनन/ परिवहन के जुर्माने से बचने के लिये उपखनिजों का परिवहन करने वाले वाहनों पर संबंधित परिवहन प्रपत्र साथ रखें, जिससे संबंधित अधिकारियों द्वारा जांच के दौरान दिखा सकें। कहा कि किसानों के निजी उपयोग हेतु 100 घनमीटर तक साधारण मिट्टी की आवश्यकता के लिये विभागीय पोर्टल upminemitra.in पर आवश्यक अभिलेखों को अपलोड कर अनुमति प्राप्त किया जा सकता हैं। यह भी अवगत कराया कि 100 घन मीटर से अधिक साधारण मिट्टी की आवश्यकता के लिये पर्यावरण विभाग से पर्यावरणीय स्वच्छता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद ही खनन अनुज्ञा-पत्र जारी होगा।

समीक्षा | जिलाधिकारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन पर तीन सीएचओ को किया सम्मानित

# आयुष्मान कार्ड की धीमी प्रगति पर सात आपरेटरों को चेतावनी

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले में जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान कार्ड के कम प्रदर्शन को लेकर जिलाधिकारी ने सात ऑपरेटरों की चेतावनी दी जबकि एक के द्वारा कोई भी कार्य न किए जाने पर नाराजगी जताई। इसके साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर तीन सीएचओ को सम्मानित किया।

बुधवार को जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कलेक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में आयुष्मान कार्ड की प्रगति की समीक्षा के लिए जनपद के समस्त सीएचओ के साथ बैठक की। इस दौरान आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले



कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मानित सीएचओ के साथ जिलाधिकारी, सीएमओ व अन्य। अमृत विचार

विकास खंड गुगरापुर के सीएचओ मिथलेश, शिवांशु एवं सुहेल खान को जिलाधिकारी द्वारा अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया।

बैठक में बताया गया कि जनपद में कुल कुल लाभार्थियों की संख्या 7,76,281 है। अब तक 4,78,545 गोल्डन कार्ड बनाए जा चुके हैं। जनपद में कुल 1,225 ऑपरेटर आईडी स्वीकृत हैं, जिनमें से 599 सक्रिय हैं। जिलाधिकारी ने ब्लॉकवार प्रगति की समीक्षा में विकास खंड छिबरामऊ (स्वेता), हसेरन (वंदना), जलालाबाद (शिल्पी), कन्नौज (देशमिता), सौरिख (प्रतिमा शर्मा), तालग्राम (मालती मौर्य) एवं उमर्दा (अनु) में अपेक्षित प्रगति न होने पर कड़ी चेतावनी दी। विकास खंड उमर्दा में मनिषा कश्यप द्वारा एक भी गोल्डन कार्ड न बनाए जाने पर गंभीर असंतोष व्यक्त किया।

जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने कार्य में सुधार लाते हुए लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करें, जिससे अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ मिल सके। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. स्वदेश गुप्ता, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. के.पी. त्रिपाठी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. वीके शुक्ला सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

अमृत विचार
कानपुर, गुरुवार, 9 अप्रैल 2026



## न्यूज ब्रीफ

### एक्सपायरी दवाएं मिलने पर सीएमओ ने जताई नाराजगी

**फर्रुखाबाद।** शहर के लोहिया अस्पताल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवनींद्र कुमार ने बंद पड़े पीकू वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्हें वार्ड में भारी मात्रा में दवाएं मिलीं, जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। अस्पताल में पीकू वार्ड लगभग दो वर्षों से बंद पड़ा है, जबकि इसमें लाखों रुपये की मशीनें और बिस्तर सहित सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध हैं। इस कारण उपचार के लिए आने वाले बच्चों को पीकू वार्ड की सुविधा नहीं मिल पा रही है। यह मुद्दा समय-समय पर उठता रहा है, लेकिन इसके बावजूद वार्ड शुरू नहीं हो पाया है। सीएमओ डॉ. अवनींद्र कुमार ने वार्ड खुलवाकर अंदर का जायजा लिया। दवाओं की भारी मात्रा देखकर उन्होंने सीएमएस को तत्काल दवाएं हटवाने और वार्ड की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने दवाओं की एक्सपायरी डेट भी जांची, जिसमें आयरन की कुछ टैबलेट्स की एक्सपायरी डेट नजदीक मिली। इस पर उन्होंने इन दवाओं का जल्द से जल्द वितरण सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान, सीएमओ ने बाल रोग विशेषज्ञ को भी बुलाया और एनआरसी वार्ड को नीचे लाने का सुझाव दिया। उन्होंने वार्ड में भर्ती मरीजों से मिलकर उन्हें मिल रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।

### आशाराम बापू का अवतरण दिवस मनाया गया

**फर्रुखाबाद।** आशाराम बापू का अवतरण दिवस पांचाल घाट स्थित चाचूपुर आश्रम में मनाया गया। सुबह सबसे पहले बापूजी का पादुका पूजन हुआ। तत्पश्चात उनकी दीर्घायु के लिया भक्तों ने हवन यज्ञ किया। दो घंटे सत्संग भजन कीर्तन हुआ जिसमें भक्तों ने भजन गाकर वातावरण भक्तिमय बना दिया। अंत में आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। भक्तों ने भंडारे में बापूजी का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष शशिकुमार सिंह, सचिव संदीप कुमार सिंह, अरुण दीक्षित, सुनील बाथमसहित एक सैकड़ा भक्तगण मौजूद रहे।

### विष्णुकांत हटे, कपिल छिबरामऊ कोतवाल

**कन्नौज।** देर शाम पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने छिबरामऊ के कोतवाली प्रभारी विष्णुकांत तिवारी को पुलिस लाइन भेज दिया। उनके स्थान पर कपिल दुबे को प्रभारी निरीक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कार्यभार भी ग्रहण कर लिया है। अभी इस बदलाव के कारण की जानकारी नहीं हो सकी है।

### फसल नुकसान पर 72 घंटे में दें सूचना

**कन्नौज।** डीडी कृषि संतोष कुमार ने कहा है कि बारिश एवं ओलावृष्टि से फसलों को हुई क्षति पूर्ति के लिए किसान 72 घंटे में सूचना जरूर दर्ज करें। जिन किसानों ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसलों का बीमा कराया है, वे अनिवार्य रूप से सूचना निर्धारित समय में टोल फ्री नंबर 14477 पर दर्ज कराएं। इससे फसल क्षति का आकलन कराया जा सके और पात्र किसानों को क्षतिपूर्ति की राशि समय से दिलाई जा सके।

### मालगाड़ी की चपेट में आकर की-मैन घायल

**कायमगंज।** बुधवार सुबह रुदायन रेलवे स्टेशन के पास रेलवे में तैनात की-मैन मालगाड़ी की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्राम नगला झड़ी असयाई निवासी गिरीश चंद्र (35 वर्ष) पुत्र राजवीर रेलवे में की-मैन के पद पर कार्यरत हैं। उनके साथी कर्मचारी यशवीर ने बताया कि गिरीश बुधवार सुबह लगभग सात बजे रुदायन स्टेशन से पश्चिम दिशा की ओर पटरियों की जांच (ट्रैक पेट्रोलिंग) कर रहे थे। इसी दौरान फर्रुखाबाद की ओर से आ रही एक मालगाड़ी की चपेट में वह आ गए। उन्हें बेहतर इलाज के लिए लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद रेफर किया गया है।

### बाइक भिड़ंत में युवक घायल,हालत गंभीर

**फर्रुखाबाद।** गहलवान निवासी अरुण कुमार पुत्र अनोखेलाल रात्रि करीब 9 .30 बजे अपनी मोटरसाइकिल से जहानगंज की ओर जा रहे थे, तभी बीबीपुर गांव के निकट सामने से आ रही एक अन्य मोटरसाइकिल से उनकी भिड़ंत हो गई। घायल अरुण कुमार को तुरंत कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया। जहां से हायर सेंटर रेफर किया। मामले की जांच की जा रही है।

# गुरसहायगंज के निजी हास्पिटल में प्रसूता की मौत, परिजनों का हंगामा

## कर्मचारियों ने स्ट्रेचर पर लिटाकर मृतका को किया अस्पताल से बाहर

संवाददाता गुरसहायगंज



जानकारी लेते चौकी इंचार्ज राजेंद्र सिंह। अमृत विचार

**अमृतविचार।** कस्बा स्थित निजी हास्पिटल में प्रसूता की उपचार के दौरान मौत हो गई। अस्पताल के स्टाफ ने शव को स्ट्रेचर पर रखकर उसे अस्पताल के बाहर निकाल दिया। घटना के बाद डाक्टर फरार हो गया। जानकारी पर पहुंचे लोगों ने जमकर हंगामा काटा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत किया। मृतका के पति ने डॉक्टर और अस्पताल संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

थाना तालग्राम के गांव टिकुरियनपुरवा निवासी प्रमोद की पत्नी रूबी (25) को प्रसव पीड़ा होने पर आशा मंजू देवी ने परिजनों के साथ कस्बा के मुख्य चौराहे के निकट स्थित सरकारी जच्चा बच्चा केंद्र पर भर्ती कराया जहां बुधवार की सुबह करीब 7 बजे रूबी ने बच्ची को जन्म दिया, लेकिन कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। इसके बाद प्रसूता की हालत बिगड़ गई। एएनएम ने उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन महिला को तिर्वा रोड स्थित चांदनी हास्पिटल एण्ड मैटरनिटी में ले गये। पति प्रमोद का आरोप है कि वहां मौजूद अस्पताल के संचालक तौफीक इदरीसी ने 45 हज़ार रुपये जमा कराए और इसके दो घंटे बाद बाहर से आए डॉक्टर ने उसका इलाज किया। इस दौरान पत्नी की हालत बिगड़ गई और दोपहर करीब 12:30 बजे उसकी मौत हो गई। जानकारी होते ही गांव से पारिवारिक व गांव के लोग मौके पर पहुंच गए। निजी अस्पताल के बाहर स्ट्रेचर पर शव देख कर उन्होंने डाक्टर व अस्पताल संचालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पाकर इंदिरा नगर चौकी प्रभारी राजेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ पहुंचे और लोगों को शांत कराया। प्रमोद ने अस्पताल संचालक और डॉक्टर के खिलाफ पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। परिजनों का आरोप था कि डॉक्टरों ने रुपये लेने के बाद भी गलत इलाज किया, जिससे महिला की मृत्यु हुई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**सीएमओ ने कराई जांचः कन्नौज।** गुरसहायगंज में निजी अस्पताल में प्रसूता की मौत के मामले की जानकारी पर डीएम आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर सीएमओ डा. स्वदेश गुप्ता ने अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. केपी त्रिपाठी व अपर शोध अधिकारी वाईके मंजुल को मामले की जांच के लिये गुरसहायगंज निजी हास्पिटल भेजा। टीम ने जांच की है। मामले की जांच रिपोर्ट गुरुवार को वह सीएमओं को सौपेंगे।

# दबंगों से परेशान परिवार गांव छोड़ने पर विवश




एसपी से शिकायत करने आई पीडित महिला व अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

- पुरानी रंजिश में नाबालिग बेटे व परिवार को फंसाने का आरोप

**अमृत विचार।** पुरानी रंजिश में नाबालिग व उसके पूरे परिवार को फसाने का आरोप पीडिता ने कुछ लोगों पर लगाया है। दबंगों से परेशान परिवार ने गांव छाड़ने की बात कही है। मामले की शिकायत पीडित महिला ने एसपी से की है।

सौरिख थाना क्षेत्र के नगरिया लालसहाय निवासी रुची पत्नी अनुज कुमार उर्फ मोनू ने पड़ोसियों पर आरोप लगाते हुए एसपी से शिकायत की है। आरोप लगाया है कि आरोपी आये दिन उसे व परिवार को परेशान करते हैं। गालीगलौज, मारपीट करते और पूरे परिवार को फर्जी मुकदमें में फंसाने के अलावा जान से मारने की धमकी देते हैं। पीड़ित महिला ने कहा कि उसके दोनों नाबालिग बेटो शोभित अग्निहोत्री व रिषभ अग्निहोत्री पर भी फर्जी आरोप लगा कर कभी भी फंसा सकते हैं। पहले भी उक्त लोग ऐसा प्रयास कर चुके हैं। उक्त लोगों की दहशत से पूरा परिवार परेशान है। वह गांव छोड़ने पर विवश है। पीडिता ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

# बारिश, ओले गिरने से किसानों की फसलें चौपट

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** बुधवार को ओला गिरने और बारिश होने से फसल को काफी नुकसान हुआ और किसानो की धड़कनें बढ़ गई। चार दिन पहले हुई बारिश और ओलावृष्टि से किसान उबर नहीं पाया था कि बुधवार को कुदरत ने फिर कहर ढा दिया।

आलू की फसल की गिरती कीमतों से परेशान किसान पर मौसम की दोहरी मार पड़ रही है। एक सप्ताह से खराब चल रहे मौसम ने किसानों की कमर तोड़ दी है। बुधवार को भी बेमौसम हुई बारिश और इसके साथ गिरे ओले ने किसान को कहीं का नहीं छोड़ा। ग्राम महोना और उसके आसपास के क्षेत्र के दर्जनों गांव में बुधवार की दोपहर ओलावृष्टि हुई और इसके बाद तेज हवा के साथ बारिश हुई। जिससे खेत में खड़ी गेहूं की फसल नष्ट हो गई। ग्राम महोना निवासी राम औतार द्विवेदी ने बताया की क्षेत्र के गई गांव में बुधवार को ओला गिरने से किसानों की फसल को भारी क्षति पहुंची है।

# चयन वेतनमान के साथ आज से कल तक पहुंचेगी सैलरी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- अध्यापकों के बिल तैयार, आज लगेंगे ट्रेजरी कार्यालय में

**अमृत विचार।** परिषदीय स्कूलों के अध्यापकों की सैलरी आज से कल तक खातों में पहुंच जाएगी। साथ ही जिन शिक्षकों की फाइलें पूरी हैं उनका चयन वेतनमान भी लग गया है जो साथ ही पहुंचेगा। खास बात यह है कि बजट न होने की वजह से बजट की प्रत्याशा में वित्त एवं लेखा विभाग के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) भुगतान करेगा। वैसे तो हर माह की एक या दो तारीख को वेतन शिक्षकों को मिल जाता है लेकिन वित्तीय वर्ष समापन व बजट ने होने से एक हफ्ते की देरी हुई है।

वित्त एवं लेखा अधिकारी (बेसिक शिक्षा) शिवम गुप्ता ने बताया कि जनपद के करीब 5300 शिक्षक- शिक्षिकाओं का वेतन बिल गुरुवार सुबह कोषागार कार्यालय में लग जाएंगे। दो सूचियों में आए तकरीबन 550 अध्यापकों का चयन वेतनमान भी लगेगा।

सैलरी व चयन वेतनमान साथ-साथ पहुंचेगा। चर्चा है कि चयन वेतनमान का इंतजार पात्र अध्यापक कई महीनों से कर रहे हैं। दिसंबर 2025 से इसकी सूची सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी, अब तक चयन वेतनमान न पहुंच सका। इसको लेकर वित्त एवं लेखाधिकारी ने सभी बीईओ को पत्र लिखकर प्रपत्र मांगे थे। उन्होंने बताया कि एरियर का भुगतान आगे बजट आने के बाद होगा। वेतन का बजट आरबीआई करेगा। बजट मिलने के बाद उसे आरबीआई को लौटा दिया जाएगा।

# कानपुर से फर्रुखाबाद होते हुए कम समय में पहुंचें शिकोहाबाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



काली नदी के पुल पर चल रहा कार्य।

- पुल संख्या 136 पर रीगार्डरिंग का चुनौतीपूर्ण कार्य पूरा हो गया

**अमृत विचार।** उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज मंडल के अंतर्गत शिकोहाबाद-फर्रुखाबाद रेल खंड पर स्थित पुल संख्या 136 (काली नदी) के पुनरुद्धार की दिशा में रेलवे को एक बड़ी सफलता मिली है। इस पुल के सभी 10 स्पानों (खंभों) पर रीगार्डिंग का काम पूरा हो गया। अब इस पुल पर ट्रेनें फर्राटा भरेंगी और कानपुर से फर्रुखाबाद होते हुए शिकोहाबाद जाने वाले कम समय में ये दूरी तय कर लेंगे।

महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे नरेश पाल सिंह के कुशल मार्गदर्शन और मंडल रेल प्रबंधक (प्रयागराज) रजनीश अग्रवाल की अगुवाई में ये कार्य पूरा किया गया है। इस काली नदी में वर्ष भर पानी का प्रवाह बना रहता है, जो इस कार्य के लिए एक बड़ी भौगोलिक चुनौती थी। उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि इस कार्य को पूर्ण करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के सिंचाई विभाग से निरंतर समन्वय स्थापित किया गया। नदी के जल स्तर को नियंत्रित करने के पश्चात ही 500 टन क्षमता वाली 02 विशाल रोड क्रेनों को सुरक्षित रूप से नदी के तट पर उतारकर गार्डर बदलने की प्रक्रिया पूरी की गई। इस महत्वपूर्ण कार्य के पूर्ण होने से अब इस रेल खंड पर ट्रेनों की गति सीमा में वृद्धि की जा सकेगी, जिससे रेल परिचालन अधिक सुगम और समयबद्ध होगा।

यह उपलब्धि दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम है। इस कार्य का सफल निष्पादन ब्रिज लाइन टीम द्वारा किया गया, जिसका नेतृत्व उप मुख्य अभियंता (ब्रिज लाइन) आईपीएस यादव ने किया। इस दौरान प्रयागराज मंडल के इंजीनियरिंग, विद्युत और परिचालन विभागों के उत्कृष्ट तालमेल एवं सहयोग से इस जटिल कार्य को अत्यंत सुरक्षित और सटीक तरीके से अंजाम दिया गया।

# जीएसटी का छापा, 40 लाख की कर चोरी पकड़ी गई

संवाददाता,छिबरामऊ




दुकान के बाहर खड़ी टीम की गाड़ी

**अमृत विचार।** स्थानीय स्तर पर व्यापारिक प्रतिष्ठानों द्वारा टैक्स चोरी के खिलाफ विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। ज्वाइंट कमिश्नर संतोष कुमार वर्मा के निर्देशन में हिमांशु मोबाइल शॉप पर जीएसटी विभाग की टीम ने छापा मारा। जांच के दौरान करोड़ों के टर्नओवर में टैक्स की भारी हेराफेरी सामने आई है।

अधिकारियों के अनुसार दुकान की जांच में पाया गया कि जितने मोबाइल फोन खरीदे गए, उन्हें बेचा तो गया लेकिन उनका जीएसटी नहीं भरा गया। प्राथमिक आकलन के अनुसार, संचालक द्वारा करीब 30 से 40 लाख रुपये की जीएसटी चोरी की गई है। विभाग ने दुकान के सभी संबंधित अभिलेख और दस्तावेज जब्त कर लिए हैं और संचालक से इस गंभीर अनियमितता पर स्पष्टीकरण मांगा है।

इस बड़ी कार्रवाई में एसआईवी इटावा टीम के प्रभारी असिस्टेंट कमिश्नर जितेंद्र कुमार, राज्य कर अधिकारी सुनील कुमार, स्पेशल अधिकारी राजेश कुमार और राज्य कर अधिकारी (कन्नौज) प्रदीप कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। विभाग की इस कार्रवाई से क्षेत्र के अन्य व्यापारियों में भी हड़कंप मचा हुआ है।

# पालिका की बैठक में 13700 लाख रुपये का प्रस्ताव पारित

संवाददाता फर्रुखाबाद



बैठक में मौजूद अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल, ईओ विनोद कुमार व अन्य लोग।

**अमृत विचार।** नगरपालिका परिषद फर्रुखाबाद की बैठक बुधवार को टाउन हाल स्थित सभागार में अध्यक्ष श्रीमती वत्सला अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में 38 सभासद उपस्थित एवं चार सभासद अनुपस्थित रहे। अधिशाषी अधिकारी विनोद कुमार सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। संचालन वरिष्ठ लिपिक शरद बाजपेई ने किया। बैठक डेढ़ घंटे चलने के बाद 13700 लाख का बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया।

सभासदों ने गृहकर, जलकर के लंबे चौड़े बिल का विरोध किया। अधिशाषी अधिकारी विनोद कुमार ने नगर में प्रत्येक वार्ड का दोबारा सर्वे कराकर पुनः बिल में सुधार करने की बात कही। पूर्व विधायक विमल प्रसाद तिवारी की मूर्ति लगाए जाने की मांग पर अध्यक्ष ने कहा कि शासन को प्रस्ताव भेजकर मूर्ति लगाने की मंजूरी ली जाएगी। लिंजीगंज के गेट बनवाए जाने की मांग पर अध्यक्ष ने अपनी स्वीकृति दी। नगर पालिका में जन्ममृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए सीएमओ से बात की जाएगी क्योंकि यह काम स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से होगा। पालिकाध्यक्ष वत्सला अग्रवाल ने बताया कि पालिका के वाहन बिना किराया लिए किसी भी ठेकेदार को नहीं दिए जाते हैं। उन्होंने बताया कि गाय व कुत्तों को पकड़ने के लिए छोटी गाड़ी मंगवाई गई है जो गलियों में भी आसानी से चली जाएगी। हर वार्ड में कैम्प लगाकर जनसमस्याएं भी सुनने का कार्यक्रम जल्द शुरू किया जाएगा।

# भोजपुर विधायक की आढ़त में लगी आग

**फर्रुखाबाद।** सातनपुर मंडी में मंगलवार देर रात भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर की आढ़त में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई।

भोजपुरी विधायक नागेंद्र सिंह राठौर की यह आढ़त सातनपुर मंडी में टीन शेड में स्थित है। यह मेसर्स अजय एंड ब्रदर्स और एमपी ब्रदर्स के नाम से आलू का कारोबार करती है। इसकी देखरेख उनके पुत्र अजय राठौर 'कल्लू' करते हैं। मंगलवार देर रात्रि आढ़त से धुआं और लपटें उठती देख गेट पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने अधिकारियों को सूचना दी। सूचना मिलते ही दमकल की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और पानी डालकर आग बुझाने का काम शुरू किया। हालांकि, जब तक आग पर पूरी तरह काबू पाया जाता, तब तक आढ़त में रखे महत्वपूर्ण कागजात, फर्नीचर और अन्य सामान जल चुके थे। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है।

# शादी कार्यक्रमों को मिलेगा व्यवसायिक गैस सिलेंडर

संवाददाता कन्नौज

**अमृत विचार।** जिला पूर्ति अधिकारी राजीव मिश्र ने बताया कि वर्तमान माह में वैवाहिक एवं अन्य मांगलिक कार्यक्रमों के कारण व्यवसायिक गैस रिफिल के आवेदन आ रहे हैं। इन आवेदनों के आधार पर ऑयल कंपनियों को मांग पत्र भेजकर व्यवस्था कराई जा रही है। इसके लिए 15 दिन पहले ही आवेदन देना जरूरी है।

डीएसओ ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग घरेलू कार्यों के अलावा किसी भी व्यवसायिक, सामूहिक अथवा कार्यक्रम के लिए प्रतिबंधित है। ऐसे मामलों में व्यवसायिक गैस सिलेंडर का ही उपयोग किया जाना जरूरी है। विशिष्ट प्रयोजन के लिए व्यवसायिक गैस रिफिल की मांग तत्काल पूरी कर पाना संभव नहीं है। ऐसे सभी आवेदक आवश्यक तिथि से न्यूनतम 15 दिन पहले व्यवसायिक रिफिल की मांग करें, जिससे जरूरतमंद को समय से गैस दिलाई जा सके। आवेदन संबंधित एसडीएम के पास आवश्यक साक्ष्यों सहित देना होगा। उपजिलाधिकारी पूर्ति निरीक्षक के माध्यम से संबंधित गैस एजेंसी से समन्वय कर गैस की व्यवस्था कराएंगे।

इच्छुक आवेदक अपना आवेदन जिला पूर्ति कार्यालय में भी दे सकते हैं। डीएसओ ने सभी गैस एजेंसी संचालकों/ प्रबंधकों से कहा गया है कि तहसील/ जनपद स्तर से प्राप्त आवेदनों के अनुसार उपलब्ध व्यवसायिक रिफिल उपलब्ध कराएं। साथ ही, आपूर्ति किए गए रीफिल का पूरा ब्योरा रखा जाए, जिसे आवश्यकता पड़ने पर सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जा सके।

# हमले में मां, बेटा समेत चार घायल

**फर्रुखाबाद।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भुड़िया मऊरसीदाबाद में बुधवार को खेत में पानी लगाने के दौरान दो पक्षों के बीच कहासुनी हो गई। धीरे-धीरे विवाद बढ़ने पर दोनों पक्षों के कुछ लोग आपस में भिड़ गए, जिसमें एक ही परिवार के चार सदस्य घायल हो गए।

घटना के बाद पीड़ित पक्ष कायमगंज कोतवाली पहुंचा और जानकारी देते हुए बताया कि खेत में सिंचाई के दौरान पानी के प्रवाह को लेकर मतभेद हुआ था। जिसके बाद दोनों ओर से विवाद बढ़ गया। घायल व्यक्तियों में अजय कुमार, उनकी मां रामदेवी, भाई विजय और बहन सीमा शामिल हैं। सभी का पुलिस की मौजूदगी में मेडिकल परीक्षण कराया गया है। क्राइम इंचार्ज इंस्पेक्टर सुरजीत सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से मिली तहरीरों के आधार पर घटना की जांच की जा रही है।

**आयोजन** | 60 प्रतिशत अंक पाने वाले डी, बी और एम फार्मा के 50 विद्यार्थी इंटरव्यू के लिए चयनित

# फार्मेसी संकाय में प्लेसमेंट ड्राइव, 136 विद्यार्थियों ने दी लिखित परीक्षा

संवाददाता फर्रुखाबाद




प्लेसमेंट के लिए इंटरव्यू देते फार्मेसी के विद्यार्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय में मंगलवार को आयोजित मेगा प्लेसमेंट ड्राइव में विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। विभिन्न फार्मा कंपनियों में रोजगार पाने की उम्मीद लेकर 136 विद्यार्थियों ने लिखित परीक्षा में भाग लिया। सुबह से ही संकाय परिसर में हलचल तेज रही और छात्र-छात्राएं बेहतर भविष्य की उम्मीद के साथ पूरे उत्साह से परीक्षा में शामिल हुए।

जानकारी के अनुसार प्लेसमेंट ड्राइव के लिए करीब 142 विद्यार्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 136 विद्यार्थी लिखित परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा के बाद उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया, जिसमें 60 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले डी फार्मा के 25, बी फार्मा के 18 और एम फार्मा के 7 विद्यार्थी सफल घोषित किए गए। सफल विद्यार्थियों को तुरंत इंटरव्यू के लिए रोक लिया गया, जबकि अन्य विद्यार्थियों को अगले माह होने वाली दूसरी प्लेसमेंट परीक्षा की बेहतर तैयारी करने की सलाह दी गई। बी फार्मा, एम फार्मा और डी फार्मा के सफल अभ्यर्थियों का प्लेसमेंट अधिकारी अजय सिंह एवं विशेषज्ञों की टीम ने साक्षात्कार लिया।

इंटरव्यू में विषय से जुड़े तकनीकी और व्यवहारिक प्रश्नों के माध्यम से विद्यार्थियों की योग्यता का आकलन किया गया। परीक्षा और इंटरव्यू के बाद विद्यार्थियों के चेहरों पर आत्मविश्वास और खुशी साफ झलक रही थी। इससे पहले संकाय के सभागार में आयोजित ओरिएंटेशन सत्र में प्लेसमेंट अधिकारी अजय सिंह ने विद्यार्थियों को विभिन्न फार्मा कंपनियों और उनके कार्यक्षेत्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि फार्मा सेक्टर में अवसरों की कोई कमी नहीं है। इस दौरान शिक्षक सुमित कुमार, महेंद्र शर्मा, सतेंद्र तिवारी, मेघा निगम, डॉ. नेहा, सचिन डांगी, विशाल सिंह, रिंकेश कुमार, प्रदीप शर्मा, डॉ. सर्वेश कुमार, दीपक बघेल और सूर्यकांत शुक्ला सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

# ढाबा मालिक पर हमले में वकील सहित दो पर रिपोर्ट

संवाददाता राजपुर

**अमृत विचार।** राजपुर में ढाबा मालिक पर हमला करने के आरोप में अधिवक्ता सहित दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

मंगलवार अपराह्न ढाई बजे शिवाकांत मिश्रा अपने ढाबा पर बैठे थे। रंजिश के चलते राजपुर निवासी रतिपाल अपने साथी अधिवक्ता जितेंद्र यादव व दो अज्ञात साथियों के साथ आए और ढाबा मालिक पर मुकदमा वापस करने का दबाव बनाते हुए गाली गलौज करने लगे। विवाद बढ़ा और मारपीट होने लगी।

रतिपाल ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि उसके द्वारा चार डिसमिल भूमि की बिक्री नीलम मिश्रा पत्नी अमरनाथ मिश्रा निवासी कुबेरपुर कुडरा के नाम से की गई थी, जिसका भुगतान नहीं किया गया था, जिसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई थी। गुस्साए दबंगों ने भूमि पर कब्जा कर लिया था। उसी के संबंध में मंगलवार को लेखपाल गौरव यादव, लेखपाल वरुण यादव, राजस्व निरीक्षक विवेक शर्मा मौके पर जांच कर रहे थे। उसी समय अमरनाथ मिश्रा ,शिवाकांत मिश्रा, चंद्रकांत मिश्रा व अन्य साथियों के साथ आये लाठी डंडों से मारपीट करते हुए बोले यदि आगे शिकायत की तो जान से मार दूंगा। बचाने आए अधिवक्ता जितेंद्र यादव के साथ भी मारपीट की। झूठे मुकदमे में फंसाने की भी धमकी दी। समाचार लिखे जाने तक रतिपाल की तहरीर पर जांच की जा रही है।

न्यूज ब्रीफ

### पेंशनर जीवित प्रमाण-पत्र जमा करें

**इटावा।** कोषाधिकारी डोगरा शक्ति ने कोषागार से पेंशन प्राप्त करने वाले समस्त पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों को सूचित किया है कि ऐसे वे सभी पेंशनर / पारिवारिक पेंशनर जिनकी माह मार्च 2026 की पेंशन जीवित प्रमाण-पत्र के अभाव में उनके खाते में नहीं पहुच सकी है केवल वही पेंशनर / पारिवारिक पेंशनर अपना जीवित प्रमाण-पत्र कोषागार इटावा में स्वंय आकर जमा करें अथवा कोषागार में वह अपना जीवित प्रमाण-पत्र ऑनलाइन माध्यम से जमा कर सकते है। ऑनलाइन जीवित प्रमाण पत्र जमा करने हेतु बैंक पासबुक, पीपीओ संख्या, आधार संख्या एवं कोषागार का कोड 1900 की आश्यकता होती है। आनलाइन माध्यम से जीवित प्रमाण पत्र जमा करने पर पेंशनर को कोषागार में आने की भी आवश्यकता नहीं है।

### युवक ने की जान देने की कोशिश

**बकेवर।** थाना क्षेत्र के गांव सिंगौली में एक 38 वर्षीय युवक ने घर में रखी कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उपचार शुरू किया। सिंगौली निवासी राहुल कुमार (38) ने अज्ञात कारणों के चलते घर में रखी चूहे मारने वाली दवा खा ली। कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी, परिजन बिना देर किए युवक को बकेवर स्थित 50 शैय्या अस्पताल ले गए। अस्पताल में तैनात ईएमओ डॉ. रविन्द्र साहू एवं डॉ. पुष्पेन्द्र ने युवक का प्राथमिक उपचार कर उसे निगरानी में रखा। चिकित्सकों के अनुसार समय पर अस्पताल पहुंचने से युवक की हालत में सुधार है।

### हाईटेंशन लाइन की चपेट में आया होटल कर्मचारी, झुलसा

**बकेवर।** बाईपास ओवरब्रिज के निकट स्थित क्लब 24 होटल में मंगलवार रात 50 वर्षीय होटल कर्मचारी कपड़ा उठाते समय हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। ग्राम नगला हीरा लाल निवासी दफेदार यादव का 50 वर्षीय पुत्र ऋषि यादव क्लब 24 होटल में वेटर का काम करता है। मंगलवार रात वह होटल की दूसरी मंजिल पर रखे कपड़े उठाने गया था। इसी दौरान बारिश के कारण छत गीली थी और पास से गुजर रही 33 हजार वोल्ट की बिजली लाइन में अचानक चिंगारी उठने लगी। देखते ही देखते ऋषि यादव करंट की चपेट में आ गया और बुरी तरह झुलस गया। होटल संचालक आलोक चतुर्वेदी व अन्य कर्मचारियों ने उसे 50 शैया अस्पताल बकेवर में भर्ती कराया। साथ ही घटना की सूचना थानाध्यक्ष बकेवर विपिन मलिक को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और अस्पताल में घायल के साथी वृजेश कुमार से पूछताछ कर घटना की जानकारी ली।

### पुलिस पेशनर्स के बनेंगे परिचय पत्र

**इटावा।** कानपुर परिक्षेत्र के समस्त जनपदों से सेवानिवृत्त हुये पुलिस अराजपत्रित अधिकारियों व कर्मचारियों के परिचय पत्र कार्यालय से निर्गत किये जाने के निर्देश दिए है। इसकी जानकारी पुलिस पेशनर्स एसोशिएशन के सचिव प्रदीप सिंह व कोषाध्यक्ष राम नाथ सिंह यादव ने दी है। उन्होने पुलिस पेशनर्स से प्रारूप में सूचना भरकर एक सप्ताह के अन्दर कार्यालय में जमा करने की अपील की है। जिससे सेवानिवृत्त हुये समस्त अराजपत्रित अधिकारियों व कर्मचारियों के परिचय पत्र निर्गत किये जा सके।

### 8 दिन बाद भी कई गेहूं क्रय केंद्रों पर खरीद शुरू नहीं

**कालपी।** गेहूं खरीद के प्रति प्रशासन गंभीर नहीं है। क्रय केन्द्रों की स्थापना के आठ दिन बाद भी ज्यादातर में खरीद शुरू नहीं हुई है जिससे किसान परेशान है। किसानों का गेहूं एमएसपी पर खरीदने के लिए प्रशासन ने मण्डी परिसर में विपणन शाखा तथा पीसीएफ के क्रय केन्द्र स्थापित किए है तो एक केन्द्र छौंक गांव स्थित समिति में तो पीसीयू आटा के अलावा परासन मण्डी में भी क्रय केन्द्र बनाया गया है जो 30 मार्च से शुरू है मगर मण्डी परिसर स्थित विपणन शाखा के केन्द्र को छोड़कर किसी भी केन्द्र पर खरीद शुरू नहीं हुई है, जिसके चलते विपणन शाखा के केन्द्र पर किसानों की भीड़ उमड़ रही है। इसके चलते किसानों को उपज बेचने के लिए कई दिनों तक इंतजार करना पड़ रहा है। पीसीएफ केन्द्र प्रभारी धनीराम कुशवाहा के मुताबिक उनके पास अभी वारदाना नहीं है जिससे खरीद शुरू नहीं हो सकी है तो यही स्थिति अन्य क्रय केन्द्रों की है। इस संबंध में जब जिला विपणन अधिकारी गोविन्द उपाध्याय से बात की गई तो उन्होंने कहा कि किसानों को परेशान होने की जरूरत नहीं है जल्द ही सभी केन्द्रों पर व्यवस्था दुरुस्त कर दी जाएगी।

# बेमौसम बारिश से फसलों के हुए नुकसान का मुआवजा देने की मांग

## किसानों की समस्याओं को लेकर किसान यूनियन ने दिया ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** बेमौसम बरसात के कारण किसानों की फसलों को बर्बाद होने और उसका मुआवजा दिलाने टोल पर किसानों से टोल की वसूली न होने आदि को लेकर भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत ने कचहरी पर प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिला अधिकारी को दिया। जिसमें किसानों की बर्बाद हुई फसलों का सर्वे कराकर मआवजा दिए जाने की मांग की गई।

जिला अध्यक्ष संजेश कुमार के नेतृत्व में चौधरी राजेंद्र सिंह राष्ट्रीय संगठन मंत्री, संरक्षक रणधीर सिंह, मंडल प्रभारी साधु सिंह जिला प्रभारी रूबेश कुमार की उपस्थिति में 11 सूत्रीय ज्ञापन मुख्यमंत्री के



प्रदर्शन करते भारतीय किसान यूनियन महात्मा टिकैत के कार्यकर्ता। अमृत विचार

- मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

नाम प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया कि बेमौसम हुई बरसात के कारण किसानो की जो फसलें बर्बाद हुई हैं उनका सर्वेक्षण कराकर मुआवजा दिलाया जाए व हर न्याय पंचायत पर खरीद केंद्र स्थापित किए जाएं और खरीद केन्द्रों पर जो खरीद हो रही है उनकी जांच कराई जाए। सरकारी चकरोडों नाले नालियों को खुलवाया जाए, जबरन स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं उन्हें तुरंत रोका जाए और वसूली अभियान को तत्काल स्थगित किया जाए जब तक किसान अगली फसल ना बेच ले तब तक वसूली बंद की जाए ताकि किसानों को परेशानी न हो।

बख्तियारपुर गांव पर स्थित टोल प्लाजा को तत्काल बंद कराया जाए यह टोल अवैध रूप से चल रहा है मात्र 30 किलोमीटर की दूरी पर टोल स्थित है। किसान का माल यदि छोटे वाहन में आता है उससे टोल न लिया जाए। नजदीकी गांव के लोगों को आधार देखकर ही जाने दिया जाए। अन्ना जानवरों से किसान बहुत ही ज्यादा परेशान हैं। ज्ञापन देने वालों में राजीव कुमार महामंत्री, सतीश चंद्र, भगवती प्रसाद चौरसिया, राम किशोर, सत्यराम, जिला सचिव प्रमोद सिंह, संतोष यादव,के अलावा बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### आईजीआरएस रैंकिंग में जनपद पहले स्थान पर

**इटावा।** एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में माह मार्च की जारी जनसुनवाई समाधान प्रणाली (आईजीआरएस) रैंकिंग में जनपद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

शासन द्वारा जनसमस्याओं के गुणवत्तापूर्ण त्वरित निस्तारण हेतु संचालित जनसुनवाई समाधान प्रणाली सम्बन्धी शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण की मासिक समीक्षा शासन स्तर पर मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा प्रत्येक माह सम्पादित की जाती है, इसी के क्रम में माह मार्च में जनसुनवाई समाधान प्रणाली का प्रदेश स्तर पर मुल्यांकन किया गया जिसमें जनपद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जनपद के 20 थानों भरथना, कोतवाली, सहसों, ऊसराहार, जसवन्तनगर, सैफई, बढ़पुरा, इकदिल, बसरेहर, बकेवर, भरेह, पछायगांव, बलरई, लवेदी, सिविल लाइन, महिला थाना, फ्रेण्डस कालोनी, वैदपुरा, चौबिया, चकरनगर द्वारा प्राप्त शिकायतों का निष्तारण कर प्रथम स्थान प्राप्त किया गया।

## सिपाही से मार-पीट कर मोबाइल लूटने में छह दोषी

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम अशोक कुमार दुबे ने एक साल पुराने सिपाही के साथ मारपीट धमकी व उसके पास से मोबाइल लूट मामले की सुनवाई करते हुए छह आरोपियों को दोषी पाया है। सजा पर कल सुनवाई की जाएगी।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कौशलेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि सहायक आयुक्त राज्यकर सचल दल सुनील ओझा ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि वह 2 फरवरी 2025 को अपनी टीम के साथ चेकिंग के निकले थे। जब कामेत पुलिया के पास पहुंचे तभी एक डीसीएम आती दिखी उसमें लकड़ी भरी था। जब उसे रोककर कागजात मांगे तो डीसीएम चालक कागजात नही दिखा सका। इस पर उसने सिपाही गोविंद सिंह को डीसीएम में बैठाकर उसे राज्य कर कार्यालय के लिए भेज दिया। तभी रास्ते में डीसीएम में सवार लोगों व उसके साथ कार में चल रहे लोगों ने सिपाही के साथ मारपीट की और कार में बैठा लिया। जहां उसका मोबाइल छीन लिया और जान से मारने की धमकी दी। बाद में उसे छोड़ दिया। तहरीर के आधार पर बढपुरा पुलिस ने विकास कुशवाहा ,विकास कुमार , अंकुर , शशांक अजय,रमन सिंह व केशव सिंह बढ़पुरा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया था। बाद में पुलिस ने छानबीन के बाद सिपाही का मोबाइल बरामद कर लिया।

मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम की कोर्ट में हुई। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कौशलेंद्र सिंह तोमर के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने विकास कुशवाहा, विकास कुमार , अंकुर , शशांक अजय व रमन को दोषी पाया। सजा के बिंदु पर कल सुनवाई होगी।

## स्वास्थ्यकर्मियों को मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने की अत्यंत आवश्यकता

संवाददाता सैफई इटावा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के नर्सिंग एसोशिएसन के द्वारा आयोजित एनपीएल का शुभारंभ अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में कुलपति डॉ अजय सिंह के द्वारा फीता काट कर किया गया। मैदान में टीमों का उत्साहवर्धन करते हुए कुलपति ने कहा कि स्वास्थ्यकर्मियों को मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने की आवश्यकता है तभी वह जनता की सेवा कर पायेंगे।

उन्होंने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज कल मोटापा,अवसाद, हृदय संबंधित समस्याएं आम पाई जा रही हैं, जिनके निवारण के लिए खेल व व्यायाम को अपना कर इससे निजात पाया जा सकता है। खेल जीवन में अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और हार-जीत को स्वीकार करने की शिक्षा भी देता है। व्यक्ति



बॉल खेलकर मैच का उद्घाटन करते कुलपति। अमृत विचार

के सर्वांगीण विकास में खेलकूद का अपना विशिष्ट महत्व है। खेलने-कूदने से इंसान का शारीरिक और मानसिक विकास होता है। खेल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देते हैं, जिससे मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी जीवनशैली संबंधी बीमारियों की व्यापकता कम होती है। खेलकूद तनाव, अवसाद और चिंता को कम करता है , जिससे तेजी से शहरीकरण और डिजिटलीकरण वाले समाज में मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा मिलता है और हम खुश रहते हैं।

मैच में रॉयल रणथम्भौर के कप्तान शंकर यादव ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए क्रिकेट कमांडोज की टीम को 127 रन के स्कोर पर रोक दिया जिसमें बल्लेबाज लक्ष्मण चौधरी ने 45 रन बनाया ,जवाब में रॉयल रथम्भौर की टीम ने 10.4 ओवर में ही 5 विकेट से जीत हासिल की। कप्तान शंकर यादव ने 22 गेंद में 37 तथा लक्ष्मी नारायण के 15 गेंद में ताबड़तोड़ 43 रन की पारी खेल कर अपनी टीम के लिए अहम योगदान दिया।

### आत्महत्या को उकसाने का आरोपी गिरफ्तार

**बकेवर।** एक व्यक्ति को आत्म हत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

ऊसराहार थाना क्षेत्र के गांव नगला चंद निवासी सत्यवीर ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि उनके छोटे भाई हरिओम की शादी रोशनी के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही हरिओम की पत्नी रोशनी व उसके ससुरालीजन उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। इसी प्रताड़ना से तंग आकर हरिओम ने एक वीडियो बनाकर अपने परिजनों को भेजा और भरथना रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। इस संबंध में थाना बकेवर में मामला पंजीकृत किया गया। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए ग्राम चटोरपुर मोड़ के पास से अभियुक्त अनेक सिंह को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया।

## बारिश से टीनशेड की दीवार गिरी भूसा व अनाज दबकर हुआ बर्बाद

संवाददाता ताखा इटावा

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम लाहटिया में बुधवार सुबह लगातार हो रही बारिश के चलते हादसा हो गया। गांव निवासी आलोक कुमार के दरवाजे पर रखा टीनशेड अचानक भरभराकर गिर पड़ा। इस घटना में टीनशेड के नीचे रखा भूसा, अनाज और अन्य जरूरी सामान दबकर क्षतिग्रस्त हो गया। इसके चलते ग्रामीण को भारी नुकसान उठाना पड़ा।

बताया गया कि पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र में रुक-रुक कर बारिश हो रही थी। बुधवार सुबह तेज बारिश के दौरान अचानक दीवार गिर गई। गनीमत रही कि घटना के समय आसपास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद परिवार में अफरा-तफरी मच गई। उसमें काफी मात्रा में रखा भूसा बारिश के पानी में



बारिश से गिरा टीन सेड और दबा सामान। अमृत विचार

- बुधवार सुबह तेज बारिश के चलते हुई दुर्घटना
- घटना के समय कोई आस पास मौजूद नहीं था, हादसा बचा

भीगकर खराब हो चुका था, जिससे पशुओं के चारे की समस्या खड़ी हो गई है। इसके अलावा घर के उपयोग का अनाज और अन्य सामान भी नुकसान हो गया। पीड़ित आलोक कुमार ने बताया कि इस नुकसान से उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए। इस संबंध में लेखपाल शैलेश यादव ने फोन पर बताया कि मौके पर पहुंचकर जांच की नुकसान की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को दी गई है।

### नगर पालिका के पांच नामित सभासदों ने ली शपथ



नामित सभासदों को शपथ दिलाते एसडीएम साथ में ईओ।

संवाददाता जसंवतनगर इटावा

**अमृत विचार।** मॉडल तहसील सभागार में बुधवार दोपहर नगर पालिका परिषद के पांच नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया।

उपजिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत ने पालिका अधिशासी अधिकारी श्याम बचन सरोज की उपस्थिति में सभी सभासदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने वालों में जय शिव बाल्मीकि, राजवीर सिंह चौहान, भावना अग्निहोत्री, संदीप प्रजापति और उमेश शाक्य शामिल रहे। समारोह में जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस मौके पर भाजपा के पूर्व जिलाअध्यक्ष संजीव कुमार राजपूत ने नव-नामित सभासदों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों का दायित्व केवल पद तक सीमित नहीं होता, बल्कि जनता की समस्याओं का समाधान कर उनका विश्वास जीतना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में डॉ. राजबहादुर सिंह यादव, मंडल अध्यक्ष अजय यादव बिन्दू,सुरेश गुप्ता, श्रेयश मिश्रा, मो. हाशिम अंसारी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## भाजपा नेताओं ने लोगों को बताई सरकार की उपलब्धियां

कार्यालय संवाददाता इटावा

**अमृत विचार।** भाजपा के स्थापना दिवस पर गांव बस्ती चलो अभियान के रूप में लाभार्थी जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि सरकार की योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे इन योजनाओं व उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाएं और अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ें। उन्होंने बताया कि 12 अप्रैल तक चलने वाले गांव बस्ती सम्पर्क अभियान के तहत जिले के सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं संगठन के जिम्मेदार कार्यकर्ता गांव गांव जाकर जनसंपर्क करेंगे।



लाभार्थी से बातचीत करते भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता। अमृत विचार

भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने पार्टी पदाधिकारियों के साथ भरथना विधानसभा क्षेत्र में लखना व बकेवर नगर पंचायत में भाजपा सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों से सम्पर्क किया। पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, जिला महामंत्री हरनाथ कुशवाह, संजीव भदौरिया, अमित तिवारी, यशवर्धन चौधरी, सुरेश राजपूत, जिला मीडिया प्रभारी रोहित शाक्य, सह-मीडिया प्रभारी अंकित सैनी, ब्रजेश शर्मा, सभासद यदुनाथ राजपूत मौजूद रहे।

## तार जोड़ते समय करंट लगने से युवक की मौत

संवाददाता भरथना इटावा

**जसवंतनगर।** क्षेत्र के ग्राम रतनगढ़ में करंट लगने से 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना मंगलवार देर रात की है। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृत युवक के चाचा की गुरुवार को बरात जानी है। इसके चलते परिवार की खुशियां मातम में बदल गईं।

ग्राम रतनगढ़ निवासी अजय कुमार 20 वर्ष चाचा सुखबीर सिंह की गुरुवार को जाने वाली बारात के चलते घर पर आयोजित देवी जागरण की तैयारियों में जुटा था। मंगलवार रात करीब 12 वह बिजली का तार जोड़ रहा था, तभी अचानक करंट की चपेट में आ गया। बताया गया है कि जागरण में तेज आवाज होने के कारण अजय की चीख किसी को सुनाई नहीं दी। काफी देर बाद जब वह अचेत अवस्था में पास की सड़क पर पड़ा मिला, तब परिजनों को घटना की जानकारी हुई। आनन-फानन में उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। यहां पर मौजूद डॉक्टरो उसकी ने गंभीर हालत को देखते हुए उसे सैफई आयुर्विज्ञान विवि रेफर कर दिया। वहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के पिता जयप्रकाश मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करते हैं और वह स्वयं दिव्यांग हैं। बेटे की मौत से मां मंजू देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

पहले से ही आर्थिक तंगी झेल रहे परिवार पर इस घटना ने दुखों का पहाड़ तोड़ दिया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की मांग की है। वहीं प्रशासन से आर्थिक सहायता का आश्वासन मिला है।

'मिशन शक्ति फेज 5.0 — कालपी रेलवे स्टेशन पर मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक

## जीआरपी ने छात्राओं को बताए अधिकार

संवाददाता कालपी जालौन

**अमृत विचार।** रेलवे स्टेशन कालपी के प्लेटफार्म पर बुधवार को जीआरपी चौकी कालपी द्वारा मुख्यमंत्री के 'मिशन शक्ति फेज 5.0' के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण अभियान चलाया गया। इस दौरान राजकीय आईटीआई कालपी की महिला प्रशिक्षार्थियों को जागरूक करते हुए उन्हें सुरक्षा, अधिकारों एवं आत्मरक्षा के प्रति जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान चौकी प्रभारी संजना सिंह के नेतृत्व में महिला प्रशिक्षार्थियों को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से बताया। साथ ही जागरूकता पंपलेट वितरित कर स्टेशन परिसर में जगह-जगह चस्पा भी की। छात्राओं को रेलवे हेल्पलाइन



कार्यक्रम में भाग लेतीं युवतियां व महिलाएं। अमृत विचार

139, वूमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 की उपयोगिता से अवगत कराया। इसके अतिरिक्त जहरखुरानी जैसी घटनाओं से सतर्क रहने के लिए भी विशेष रूप से जागरूक किया गया। इस मौके पर राजकीय आईटीआई कालपी के प्रधानाचार्य श्रवण कुमार शुक्ला, अध्यापक कल्याण सिंह, मीरा यादव एवं रेखा कुशवाहा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जीआरपी चौकी कालपी स्टाफ के रूप में चौकी प्रभारी संजना सिंह, मुख्य आरक्षी सुशील सिंह, मेहरबान सिंह, सुनील कुमार एवं आरक्षी आशीष कुमार आदि की सक्रिय सहभागिता रही।

## अधिकारी बोले, फसल नहीं पराली में लगी आग

कार्यालय कालपी जालौन

**अमृत विचार।** पिपरौंधा गांव में गेंहू की फसल नहीं बल्कि पराली में आग लगी थी। देरशाम राजस्व विभाग की जांच टीम ने यह दावा किया है। जबकि किसानों ने हाईटेंशन लाइन से गेहूं के खेतों में आग लगने की जानकारी दी थी।

मंगलवार दोपहर महेवा ब्लॉक क्षेत्र के पिपरौंधा गांव में गेहूं के खेतों में आग लगने की सूचना मिली थी। इसमें लगभग 40 बीघा गेहूं की फसल जलने की चर्चा सामने आई थी। हालांकि मौके पर पहुंचे अग्निशमन दल ने आग पर काबू पा लिया था लेकिन जब इस आगजनी की जानकारी शासन को हुई तो हड़कंप मच गया। एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचकर जांच की तो पता चला कि आग से जले खेत की फसल एक दिन पहले किसानों ने हार्वेस्टर के जरिये काट ली थी और खेतों में महज पराली ही शेष थी इतना ही नहीं आगजनी के बाद भी खेत में कुछ जगहों पर पराली के डंठल दिखे। तहसीलदार अभिनव तिवारी के अनुसार अग्नि कांड की जानकारी पर राजस्व कर्मियों को मौके पर भेजा गया था और उन्होंने भी पराली जलाए जाने की रिपोर्ट दी है लेकिन पराली में आग लगी है या फिर लगाई गई है इसका जवाब किसी के पास नहीं है। विद्युत विभाग के जेई के अनुसार पराली में आग हाईटेंशन लाइन से लगी या फिर लगाई गई है यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा लेकिन जब विभाग के पास फसल क्षतिपूर्ति की फाइल आती तो वह जांच करते। एसडीएम मनोजकुमार के अनुसार अग्नि कांड में महज पराली ही जली है।

### पुष्पेन्द्र ने सीएफए की डिग्री हासिल की

**कालपी।** भाजपा नेता के भतीजे ने वित्तीय क्षेत्र की वैश्विक स्तर की डिग्री हासिल कर नगर तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उसने तीन कठिन परीक्षाओं को पार कर सीएफए की डिग्री हासिल की है। वित्त के क्षेत्र में चार्टेड एकाउंटेंट की डिग्री का बड़ा महत्व होता है लेकिन नगर निवासी शशिकांत सिंह चौहान कल्लू ठाकुर के भतीजे पुष्पेन्द्र सिंह ने वह कर दिखाया है जो युवाओं के लिए किसी सपने से कम नहीं है। उन्होंने सीएफए (चार्टेड फाइनेशियल एनालिस्ट) की डिग्री हासिल की है जो वित्तीय क्षेत्र में विश्व स्तर पर बड़ा पदनाम है। पुष्पेंद्र सिंह की इस उपलब्धि पर नगर निवासी राजेश द्विवेदी, बाबू सिंह यादव, राजू पाठक आदि ने खुशी जाहिर की है।



पुष्पेन्द्र सिंह।

## न्यूज ब्रीफ

### भाजपा ने स्थापना दिवस पर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

**फफूंद, औरैया।** बुधवार को नगर के मोहल्ला हेमनाथ में स्थित डॉ. बाजपेई के क्लीनिक पर पहुंचे पूर्व कृषि राज्य मंत्री लाखन सिंह ने पुराने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान किया। डॉ. अरुणेश बाजपेई व डॉ. अजीत कुमार दुबे को माला पहनाई। इसके बाद घर के ऊपर झंडा लगाया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भाजपा एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष कुलदीप दुबे, जिला प्रतिनिधि राजेंद्र कुमार उर्फ रानू अग्निहोत्री, मंडल उपाध्यक्ष कंचन अग्निहोत्री, मंडल प्रभारी अवधेश शुक्ला, प्रेम कुमार गुप्ता, प्रमोद नारायण तिवारी, अनुराग अवस्थी, आदित्य दुबे, पवन कठेरिया, बबलू अग्निहोत्री, नीलू राजपूत, रवि शुक्ला, श्याम कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

### बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश

**अछल्दा (औरैया)।** विकास खण्ड के उच्च प्राथमिक विद्यालय खलरा कंपोजिट में मेधावी छात्र- छात्राओं को शिक्षा, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बुधवार को नवांरभ वार्षिकोत्सव में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष रीता देवी ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण करते हुए कहा कि कोई भी कार्य किया जाए वो लगन से करने पर सफलता जरूर मिलती प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित करके कहा कि अभिभावक बच्चों के लिए समय जरूर निकाले सरकारी स्कूलों के बच्चे भी किसी से कम नहीं हैं। बेटियों की शिक्षा पर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। प्रधानाध्यापक प्रदीप कुमार ने कहा कि ये पुरस्कार बच्चों के कठिन परिश्रम और समर्पण का परिणाम हैं, जो उन्हें आगे बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेंगे। इस मौके पर अखिलेश कुमार, विवेक कुमार, केशव सक्सेना, विनय कुमार, प्रदीप कुमार पाल आदि ने सहयोग किया।

### नाली विवाद में हिंसक झड़प, महिला समेत दो घायल

**रुरुगंज, औरैया।** बिधूना कोतवाली क्षेत्र की रुरुगंज पुलिस चौकी के पुर्वा पीताराम में बुधवार शाम करीब 6 बजे नाली के पानी की निकासी को लेकर दो पक्षों के बीच हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। मारपीट में दोनों पक्षों से एक-एक लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, पुर्वा पीताराम गांव में नाली के पानी के बहाव को लेकर कुछ महीने से दोनों पक्षों के बीच तनाव चला आ रहा था। बुधवार शाम इसी मुद्दे पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया। देखते ही देखते दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे। एक पक्ष के व्यक्ति ने उर्मला देवी पत्नी संतोष कुमार राजपूत पर फावड़े से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। वहीं मारपीट में रामनिवास पुत्र जगदीश चंद्र राजपूत जो अपनी बहन के यहां रह रहा है, भी घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजनों ने घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिधूना में भर्ती कराया, जहां उनका उपचार चल रहा है। इस संबंध में बिधूना कोतवाली प्रभारी मुकेश बाबू चौहान ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जांच की जा रही है तहरीर मिलने पर कार्रवाईकी जाएगी।

### ट्रैक्टर-ट्राली से गिरकर वृद्धा की मौत गांव में पसरा मातम

**कुदरकोट, औरैया।** नगला कले निवासी शांति देवी (70) पत्नी जीतवार सिंह मंगलवार को खेत से गेहूं की फसल कटवाकर ट्रैक्टर-ट्राली में बैठकर घर लौट रही थीं। बताया जा रहा है कि ट्राली में अन्य ग्रामीण भी सवार थे। इसी दौरान रास्ते में अचानक ट्राली के झटके से उनका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे गिर पड़ीं। गिरने के दौरान उन्हें गंभीर चोटें आईं, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे के तुरंत बाद परिजन और ग्रामीण उन्हें आनन-फानन में इलाज के लिए उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान मेडिकल कॉलेज, सैफई ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई और घर में मातम छा गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। हर कोई इस दुखद घटना से स्तब्ध नजर आया।

# आंधी-बारिश से गेहूं की कटाई ठप, किसान चिंतित

संवाददाता, रुरुगंज

**अमृत विचार।** क्षेत्र में एक बार फिर मौसम के अचानक बदले मिजाज ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। मंगलवार शाम आई तेज आंधी और बारिश ने गेहूं की कटाई के कार्य पर ब्रेक लगा दिया है, जिससे खेतों में खड़ी और कटी दोनों तरह की फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका गहरा गई है।

किसानों का कहना है कि इस समय गेहूं की फसल पूरी तरह पककर तैयार है, लेकिन लगातार खराब हो रहे मौसम के चलते कटाई का कार्य समय पर नहीं हो पा रहा है। कई गांवों में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से गेहूं की फसल खेतों में ही गिर गई है, उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ने की चिंता किसानों को सता रही है। ग्रामीण इलाकों में पहले से ही मजदूरों की कमी बनी हुई है, जिसके चलते अधिकांश किसान कंबाइन मशीनों के सहारे कटाई करवा रहे थे। आंधी-बारिश के कारण मशीनों का संचालन भी बाधित हो गया है। भीगे खेतों में कंबाइन चलाना मुश्किल हो गया है, जिससे कटाई का कार्य पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। किसानों के सामने अब दोहरी समस्या है। एक ओर फसल को बचाने की चिंता, तो दूसरी ओर बढ़ती लागत का दबाव।

● भीगे खेतों में कंबाइन मशीन चलाना हुआ मुश्किल


खेतों पर पड़ी गेहूं की कटी फसल। अमृत विचार

यदि मौसम जल्द साफ नहीं हुआ, तो खड़ी फसल के खराब होने और कटी फसल के भीगकर सड़ने का खतरा बढ़ सकता है। स्थानीय किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि नुकसान का आकलन कराकर उचित मुआवजा दिया जाए। साथ ही कृषि विभाग से भी अपील की गई है कि किसानों को इस स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और सहायता उपलब्ध कराई जाए। लगातार बदलते मौसम के चलते किसानों की नजर अब आसमान पर टिकी है, क्योंकि आने वाले कुछ दिन उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण साबित हो सकते हैं।

### बिजली गिरने से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त, तेल बहा


ट्रांसफार्मर की जानकारी लेने पहुंचे कार्मिक।

**बेला (औरैया)।** मंगलवार की देर शाम आए आंधी पानी के दौरान ग्राम नंदपुर के विद्युत ट्रांसफार्मर पर बिजली गिर गई। इसका तेल निकल गया। ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने से गांव की विद्युत व्यवस्था ठप हो गई, ग्राम नंदपुर निवासी मान सिंह, राजू, शिवदत्त, सूरज, मोहित, रामबालक, आदि ने बताया कि मंगलवार की देर शाम क्षेत्र में आई तेज आंधी व बारिश के दौरान गांव के 100 केवीए के ट्रांसफार्मर पर बिजली गिर गई, जिससे ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रांसफार्मर में भरा तेल नीचे से निकल गया और गांव की विद्युत व्यवस्था ठप हो गई। ग्रामीणों ने सूचना पर बिजली विभाग के कर्मचारी व क्षेत्र के लेखपाल राज बहादुर सिंह शाक्य गांव पहुंचे। निरीक्षण किया, ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में बिजली कम आती है और बिल ज्यादा आता है। जिनका समायोजन भी नहीं हो पाता है। ट्रांसफार्मर पर बिजली गिरने से गांव की बिजली गुल हो गई है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से नया ट्रांसफार्मर रखवा कर विद्युत व्यवस्था बहाल कराए जाने की मांग की है।

# सड़क हादसे में पीएसी जवान की थम गई सांस

## रतलाम में हुआ हादसा, छब्बा पुरवा के निवासी थे योगेंद्र सिंह

संवाददाता, बेला

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम छब्बा पुरवा के पीएसी जवान योगेंद्र सिंह यादव का मध्य प्रदेश के रतलाम में एक मार्ग दुर्घटना में निधन हो गया। उनका शव गांव आने पर शोक की लहर दौड़ गई।


योगेंद्र सिंह।

बेला क्षेत्र के ग्राम छब्बा पुरवा निवासी पीएसी जवान योगेंद्र सिंह यादव (45) पुत्र रामऔतार की एक मार्ग दुर्घटना में मौत हो गई, निधन की सूचना पाते ही परिजन रतलाम मध्य प्रदेश पहुंचे। इस दौरान विभागीय कर्मियों ने उन्हें ससम्मान अंतिम विदाई दी। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव छब्बा पुरवा लाया गया तो परिजनों में चीख पुकार मच गई और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। आसपास ग्रामों के लोग दिवंगत पीएसी जवान का अंतिम दर्शन करने पहुंचे। सेवानिवृत्त शिक्षक अहिवरन सिंह यादव ने बताया कि उनके बड़े भाई मध्य प्रदेश पुलिस के उपनिरीक्षक स्व. रामऔतार सिंह के बेटे योगेंद्र सिंह यादव की मध्य प्रदेश के रतलाम में बाइक द्वारा ड्यूटी पर जाने के दौरान अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। योगेंद्र की एक 12 साल की बेटी गुनगुन व पत्नी रीता उर्फ रजौली व परिजनों रो-रोकर बुरा हाल बना हुआ है। पीएसी जवान के निधन के बाद शव गांव आने की खबर जैसे ही ग्रामीणों को हुई तो बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों ने शोक व्याप्त किया। पीएसी जवान का गंगा तट कन्नौज स्थित मेहंदी घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

● शव गांव पहुंचते ही मचा कोहराम अंतिम विदाई देने उमड़े लोग

### ट्रैक्टर की टक्कर से मासूम की मौत

■ **ऐरवाकटरा, औरैया।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा उमरैन में दुर्गा मंदिर के पास मारवाड़ी कुकरकाट निवासी ओमचरण ढाई वर्ष अपने पिता धर्मपाल के साथ शाम 6 बजे के करीब बाजार करने के लिए जा रहा था तभी एक अनियंत्रित गति से जा रहे ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी जिससे घटनास्थल पर ही बच्चे की मौत हो गई। सूचना मिलने पर ऐरवाकटरा थाना में तैनात उपनिरीक्षक विनय सिंह पुलिसबल के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मृतक बच्चे का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जबकि ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया। ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर मौके पर छोड़कर भाग जाने में सफल रहा। थाना प्रभारी ने कहा कि शव पोस्टमार्टम को भेजा है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

### आग लगने से गृहस्थी का सामान जलकर राख

**दिबियापुर, औरैया।** कस्बा के संजय नगर में एक मकान में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। आग की चपेट में आने से गृहस्थी का लगभग तीन लाख रुपये का सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

संजय नगर निवासी दिलीप उर्फ पप्पू त्रिवेदी के मकान में बुधवार की दोपहर अचानक आग लग गई। आग की लपटें उठती देख पड़ोसियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

पीड़ित दिलीप त्रिवेदी ने बताया कि वह गेल निजी नौकरी करता है और आग लगने के कारणों की जानकारी नहीं हो सकी है। आग से घर में रखा टीवी, फ्रिज, कूलर समेत अन्य घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया, जिससे करीब तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है। थाना प्रभारी निरीक्षक पंकज मिश्रा ने बताया कि सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड को मौके पर भेजकर आग बुझा दी गई। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# अपर मुख्य सचिव पशुधन ने किया गौशाला का निरीक्षण, दिए निर्देश

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** अपर मुख्य सचिव, पशुधन मुकेश मेश्राम द्वारा जय गो माता ग्रामोद्योग सेवा समिति, औरैया द्वारा संचालित अस्थाई गौ आश्रय स्थल कस्बा खानपुर, विकास खण्ड-औरैया का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में 197 गौवंश संरक्षित पाये गये। इस दौरान उन्होंने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

अपर मुख्य सचिव द्वारा गोपूजन कर गौवंशों को गुड़ एवं केला खिलाया। गौशाला परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था, उत्तम गौशाला प्रबंधन पर संतोष व्यक्त करते हुए संरक्षित गौवंशों को नियमित रूप से निर्धारित मानक के अनुसार हरा चारा, भूसा एवं पशु आहार की मात्रा खिलाने हेतु निर्देशित किया। गौ आश्रय स्थल में निर्मित किये जा रहे गो उत्पादों जैसे गोबर से बनी धूपबत्ती, अगरबत्ती, मूर्तियां, दीपक, राखी, गोनाईल एवं पंचगव्य औषधियों के साथ-साथ गो काष्ट/गोबर से बने लट्ठे आदि कार्यों की सराहना करते हुए मौके पर उपस्थित मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. बी.एस विकल को निर्देशित किया कि जनपद में संचालित समस्त गौशाला संचालकों का प्रशिक्षण अस्थाई गौ आश्रय स्थल कस्बा खानपुर, विकास खण्ड-औरैया में कराया जाये। इससे अन्य गौशालाएं भी स्वावलंबन की तरफ अग्रसर हो सकें। हरे चारे की व्यवस्था हेतु गो आश्रय स्थलों से भूमि संबंद्ध कर स्थानीय किसानों से अनुबंध के आधार पर नैपियर घास की रोपाई / बुआई कराई जाये, ताकि संरक्षित गोवंशों को नियमित रूप से हरा चारा मिल सके। निरीक्षण के दौरान अपर निदेशक पशुपालन विभाग, कानपुर मण्डल, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी, उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी सदर औरैया, ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम प्रधान सहित गौशाला संचालक संतोष गुप्ता उपस्थित रहे।


निरीक्षण करते अपर मुख्य सचिव, पशुधन, साथ में अन्य अधिकारी। अमृत विचार

**197** गोवंश पाए गए संरक्षित

# हिंदू युवा मोर्चा ने किया सुंदरकांड

**फफूंद, औरैया।** हिन्दू युवा मोर्चा संघ के तत्वाधान में 24वा सुन्दर काण्ड पाठ संपन्न हुआ। यह आयोजन स्थान सुनील कुमार गुप्ता (घड़ी वाले) चमनगंज के आवास पर आयोजित किया गया आयोजक सुनील कुमार गुप्ता, मयंक (गुप्ता रज्जू) के द्वारा सुंदर काण्ड पाठ का आयोजन सम्पन्न कराया गया। सुनील कुमार गुप्ता, मयंक गुप्ता (रज्जू) आवाहन पर किया गया। यह पाठ पूर्व सूचना अनुसार निर्धारित शाम 5बजे भजन कीर्तन के साथ पाठ से प्रारंभ होकर देर रात्रि 8.30 बजे तक चलता रहा।

इस अवसर पर हिन्दू युवा मोर्चा संघ संरक्षक विनोद तिवारी, विनोद कोस्टा, अवशेष पांडेय, ओबरन सिंह राजपूत अशोक शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष बाल कृष्ण मिश्रा, प्रदेश संगठन महामंत्री गौरव श्रीवास्तव, अनुराग धनगर नगर अध्यक्ष, अमित पाठक नगर उपाध्यक्ष, अभिषेक कोस्टा, अखलेश राठौर, अजय कोस्टा, ओम नारायण मिश्रा, मुकेश पाल फौजी, राकेश कुमार, कौशल, अमन गुप्ता, निखिल शुक्ला, संजीव कुमार उर्फ संजू हलवाई, राकेश राठौर, राम दास रावत, धनंजय गुप्ता उपस्थित रहे।


सुंदरकांड पाठ करते लोग। अमृत विचार

### 40 मिनट बंद रहा फाटक, लगा जाम



अछल्दा में दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर कस्बे के 13-बी रेलवे क्रॉसिंग पर बुधवार को करीब 40 मिनट तक फाटक बंद रहने से भारी जाम लग गया। इस दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। बुधवार शाम 4 :53 बजे रेलवे फाटक बंद होते ही फाटक से लेकर हरीगंज बाजार और दूसरी ओर नहर बाजार तक जाम की स्थिति बन गई। जाम में बाइक से लेकर चार पहिया वाहन तक फंस गए और लोगों को रेंग-रेंग कर निकलना पड़ा। करीब 5 :36 बजे फाटक खुलने के बाद भी वाहनों की लंबी कतार के कारण जाम तुरंत नहीं खुल सका। अमृत विचार

### युवक को पीटने में तीन पर प्राथमिकी

**अयाना।** थाना क्षेत्र के अंतौल निवासी सत्यवीर सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। बताया कि मंगलवार शाम करीब 7 :40 बजे पर वह रोशंगपुर से दावत खाकर घर लौट रहा था। गांव के बाहर नहर पुल पर मौजूद गांव के दामोदर, अतुल व मोनू सिंह गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट करने लगे। बचाने आए लोगों को देख आरोपी धमकी देकर भाग निकले। थानाध्यक्ष जयप्रकाश पाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# पास आउट बच्चों को विदाई परीक्षा परिणाम घोषित किया

**फफूंद, औरैया।** नगर के पाता बाईपास रोड स्थित नेशनल पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ किया गया। इसके साथ सीनियर छात्रों के लिए विदाई समारोह भी आयोजन हुआ, जिसमें छात्र भावुक नजर आए।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधक रामजी मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वार्षिक परीक्षा में कक्षा पीजी की छात्रा रति ने पूरे विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप किया। कक्षा पीजी में यशी द्वितीय रही। एलकेजी में धैर्या प्रथम, राज द्वितीय व वंशित तृतीय रहे। यूकेजी में यशी शर्मा व अनुरुद्ध प्रथम, अवनी द्वितीय व सुरभी तृतीय रहीं। कक्षा एक में हिमांशी प्रथम, गरिमा व पूर्वी द्वितीय, आयुष पाल व अभिराज तृतीय रहे। कक्षा दो में मानवी पाल प्रथम, वैष्णवी मिश्रा द्वितीय व वैष्णवी कुशवाहा तृतीय रहीं।

कक्षा तीन में इकरा प्रथम, नव्या द्वितीय व तेज़ल तृतीय रहीं। कक्षा चार में जानवी पाल प्रथम, आरज़ू द्वितीय व अनुग्रह मिश्रा तृतीय रहे। कक्षा पांच में अनुष्का प्रथम व अदीब द्वितीय रहे। कक्षा छ में रचित प्रथम, आर्यन द्वितीय व पूरबी तृतीय रहीं। कक्षा सात में हर्षित प्रथम, अवनी पाठक द्वितीय व कक्षा आठ में काव्या गौतम प्रथम व अंशराज द्वितीय स्थान पर रहे।


## कार्यालय कृषि उत्पादन मण्डी समिति भरथना (इटावा)

पत्रांक- कृ0उ0म0स0/2026-27/151 दिनांक: 08.04.2026

**नवनिर्मित सुपर मार्केट की 20 दुकानों के आंवटन की सूचना**

कृषि उत्पादन मण्डी समिति भरथना के नवीन मण्डी स्थल में नवनिर्मित सुपर मार्केट की 20 नग दूकानें रिक्त है। जिनका आवंटन आवंटन नियमावली 2016 (माह फरवरी 2021 तक अद्यतन संशोधन) के तहत नीलामी पद्धति से आवंटन दिनांक 27-04-2026 को समय अपरान्ह 12:00 बजे से मण्डी समिति कार्यालय भरथना में निर्धारित आरक्षण रोस्टर के आधार पर किया जायेगा। रिक्त दुकानों का आरक्षण सहित विवरण निम्नवत है।

| क्र0 सं0 | दुकान की श्रेणी | रिक्त दुकान स0 | आरक्षण की स्थिति | | | निर्माण लागत (लाख रू0 में) | निर्माण लागत का 10 प्रतिशत (रू0 में) जमानत धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनुसूचित जाति | अन्य पिछडा वर्ग | अनारक्षित | | |
| 1 | सुपर मार्केट | 1, 2, 3, 4, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 11 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20 | 1, 5, 11, 15, | 3, 7, 9, 13, 17, 19, | 2, 4, 6, 8, 10, 12, 14, 16, 18, 20 | 511000.00 | 51100.00 |

**उपरोक्त रिक्त दुकानों की नीलामी बोली में भाग लेने के सम्बन्ध में :-**

1- प्रार्थना पत्र रू0 590.00 जी0एस0टी0 सहित समिति कार्यालय में जमा कर दिनांक 08-4-2026 समय प्रात: 10 बजे से दिनांक 24-04-2026 समय अपरान्ह 3:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।

2- पूर्ण भरे हुये प्रार्थना पत्र दिनांक 25-04-2026 समय अपरान्ह 3 बजे तक समिति कार्यालय में जमा किये जा सकते है। इसके बाद आवेदन पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

3- आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु जाति प्रमाण पत्र की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।

4- निर्माण लागत की जमानत धनराशि का 10 प्रतिशत पंजीकरण शुल्क बैंक ड्राफ्ट के रूप में सचिव कृषि उत्पादन मण्डी समिति भरथना के पक्ष में बन्धक प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।

5- सुपर मार्केट की दुकानों के आवंटन हेतु मण्डी लाइसेंस होने की बाध्यता नहीं है।

6- 'सुपर मार्केट' का तात्पर्य नवीन मण्डी स्थल में निर्दिष्ट कृषि उत्पादों से भिन्न वस्तुओं के कारोबार हेतु निर्मित दुकानों से है।

7- दुकानों का आरक्षण, नियम व शर्तें कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखी व पढ़ी जा सकती है।

सचिव सभापति


**नई पहल** 3 और 4 के बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही कला विषय की अलग पुस्तक

# बच्चों को 'बांसुरी' सिखाएगी गीत-संगीत

संवाददाता, रुरुगंज, औरैया

**अमृत विचार।** परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले कक्षा 3 और 4 के विद्यार्थियों की रचनात्मकता को नई दिशा देने के लिए जिले में बांसुरी कला पुस्तिका लागू की जा रही है। इस पहल के तहत पहली बार छात्रों को कला विषय की अलग पुस्तक उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे वे चित्रकला, संगीत, नृत्य और रंगमंच जैसी विधाओं को व्यवस्थित रूप से सीख सकेंगे। अब तक प्राथमिक विद्यालयों में कला शिक्षा बिना किसी विशेष पुस्तक के दी दी जाती थी लेकिन नई व्यवस्था लागू होने के बाद गतिविधि आधारित शिक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

जनपद के प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को अब किताब के साथ-साथ व्यावहारिक गतिविधियों के जरिए सीखने का अवसर मिलेगा। बांसुरी पुस्तिका में बच्चों के लिए चित्र बनाने, कागज से आकृतियां तैयार करने, मिट्टी से मॉडल बनाने, गीत-संगीत सीखने और समूह में प्रस्तुति देने जैसी गतिविधियां शामिल की गई हैं। इसके माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास, सृजनात्मक सोच और जाएगा। पुस्तक में संगीत और नृत्य को भी विशेष महत्व दिया गया है। बच्चों को विभिन्न भाषाओं के गीत, ताल-लय की समझ और मंच पर प्रस्तुति देने का अभ्यास कराया जाएगा, जिससे उनकी छिपी प्रतिभाओं को निखारने में मदद मिलेगी। 100 घंटे का विशेष सत्र निर्धारितः कला शिक्षा के लिए कुल 100 घंटे का सत्र तय किया गया है। इसमें चित्रकला, संगीत, नृत्य और रंगमंच के लिए अलग-अलग समय निर्धारित किया गया सप्ताह कक्षा भी कला गतिविधियों के लिए रखी जाएगी, जिससे बच्चों को नियमित अभ्यास मिल सके। **समग्र विकास पर फोकसः** इस पहल से छात्रों में सीखने के प्रति रुचि बढ़ने के साथ-साथ उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा। बांसुरी पुस्तिका के लागू होने से जिले की प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था में एक सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जताई जा रही है।

खंड शिक्षा अधिकारी प्रवीन कुमार ने बताया कि बांसुरी पुस्तिका के माध्यम से बच्चों को गतिविधि आधारित शिक्षा रचनात्मक क्षमता, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक समझ विकसित होगी। बच्चे कला के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को पहचानें और आगे बढ़ें। शिक्षकों को भी इस नई व्यवस्था के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है।

### पुर्वा बघन विद्यालय में ड्रेस-बैग वितरित की

■ **अछल्दा।** यहां के उच्च प्राथमिक विद्यालय पुरवा बघन में प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक अध्यक्ष गिरीश यादव ने बच्चों को बैग एवं ड्रेस वितरित करते हुए कहा कि बच्चे स्कूल नियमित आकर पठन पाठन करें।

### रजुआमऊ में रैली निकाली गई

■ अछल्दा क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय कंपोजिट रजुआमऊ के छात्रों ने जागरूकता रैली निकाल अभिभावकों से बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालयों में कराने के लिए प्रेरित किया। इस रैली का उद्देश्य गांव की गलियों में घूमकर अभिभावकों से कहा कि बच्चों का नामांकन कराकर नियमित विद्यालय भेजें।

## न्यूज ब्रीफ

### सियार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के झलोखर गांव के पास कालपी-हमीरपुर हाईवे पर सियार से टक्कर में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। भौली गांव निवासी महेंद्र सिंह (35) पुत्र वीरेंद्र सिंह मंगलवार रात करीब 8 बजे बाइक से कस्बा आ रहे थे। झलोखर गांव के पास कालपी हमीरपुर हाईवे पर जंगली सियार से बाइक की टककर होने से बाइक अनियंत्रित हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे राहगीरों की मदद से सीएचसी ले जाया गया। जहां चिकित्स्कों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर किया है।

### नशीला पदार्थ पिला की थी ठेके से चोरी

**सुमेरपुर।** 6 अप्रैल को कुंडौरा गांव के देशी शराब ठेके पर गांव के दो युवकों ने एक साथी के साथ सेल्समैन को पेय पदार्थ में नशीली दवा मिलाकर बेहोश करने के बाद चोरी की थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। कुंडौरा निवासी राजन सिंह ने बताया कि गांव के ललित वर्मा, अजीत वर्मा ने महोबा जनपद के खन्ना थाना क्षेत्र के बरबई निवासी रवि उर्फ बाबू के साथ मिलकर दोपहर में कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर उसे पिला दिया था। बेहोश होने पर शराब बिक्री के 44000 लेकर फरार हो गए। पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

### तमंचा के साथ युवक को किया गिरफ्तार

**मौदहा।** तमंचा के साथ वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उपनिरीक्षक मनोज मिश्रा विवेचनाओं के सिलसिले में अरतरा में मौजूद थे, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि तमंचा के साथ वीडियो वायरल करने वाला युवक अरतरा रेलवे अंडर पास में तमंचा लिए खड़ा है। पुलिस ने दबिश देकर अरतरा निवासी अतुल पुत्र अरिमर्दन को तमंचा के साथ गिरफ्तार कर लिया। तीन दिन पहले एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में तमंचा लिए हुए वीडियो वायरल हुआ था।

### नशे में गूंगी महिला के साथ की छेड़खानी

**राठ।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में नशे में धुत युवक एक गूंगी महिला के साथ छेड़छाड़ की। जब उसकी सास बचाने पहुंची तो आरोपी ने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित सास ने कोतवाली में तहरीर दी है। सास ने बताया कि रविवार की शाम उसकी बहू घर में घरेलू काम कर रही थी, तभी गांव का युवक शराब पीकर उनके घर में घुस आया। उसने गूंगी महिला को जबरन पकड़कर कमरे के अंदर ले जाने का प्रयास किया। बहू के विरोध करते हुए उसने देखा तो बचाने पहुंची तो उसे भी मारापीटा। कोतवाल ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### ससुरालियों पर फंदे पर लटकाने का आरोप

**बिवांर।** थाना क्षेत्र के लरौंद गांव निवासी गीता देवी पत्नी गोपाल प्रजापति की शादी 9 साल पहले हुई थी। पति गोपाल ससुर गुरू चरण सास भग्गो देवी जेठानी तुलसा पत्नी रामफल आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करते आ रहे हैं। इससे आहत महिला घर से बाहर निकाले जाने पर मायका बांधुर बुजुर्ग गांव आ गई। पति ने मां पिता से गलती मानी और अपने साथ ले गया। फसल कटाई कराकर एक दिन पहले पति ने जमकर मारपीट कर फांसी पर लटकाकर मारने की कोशिश की। शोर मचाने पर पड़ोसियों ने बीच बचाव किया। महिला शाम करीब 7:00 बजे अपनी बहन की ससुराल सायर गांव पहुंची और पिता को बुलाया। पिता के साथ थाने पहुंची महिला ने ससुरालीजनों के खिलाफ तहरीर दी है। थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### लाभार्थियों को किया गया सम्मानित गया

**हमीरपुर।** भाजपा शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर जिलाध्यक्ष शकुंतला निषाद के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों का गांव चलो अभियान जारी है। छानी स्वासा में मंडल अध्यक्ष योगेंद्र दीक्षित, सभासद जितेंद्र सिंह, पंकज शिवहरे ने घर-घर पहुंचकर प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने वाले लाभार्थियों से मिले एवं उन्हें अंग वस्त्र पहनाकर उनका सम्मान किया। मंदिर में सफाई कर कार्यक्रम को सफल बनाया। इस कार्यक्रम में जिला मीडिया प्रभारी अरविंद श्रीवास्तव, आशीष द्विवेदी, सुनील रोशनी आदि उपस्थित रहे।

# खरीद शुरू नहीं होने से बारिश से भीगा गेहूं

- ई पास मशीन नहीं चलने से गेहूं खरीद की शुरुआत ही नहीं
- सुमेरपुर क्षेत्रीय सहकारी समिति में किसानों का गेहूं खुले में पड़ा
- इंगोहटा सहकारी समिति में अभी शुरू नहीं हो सकी गेहूं की खरीद

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)



सुमेरपुर सहकारी समिति के बाहर खुले मैदान पर बारिश से भीग रहा गेहूं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बे की क्षेत्रीय सहकारी समिति के साथ इंगोहटा सहकारी समिति में अभी तक गेहूं की खरीद शुरू नहीं होने से किसान खासा परेशान हैं। किसानों ने गेहूं बेचने के लिए समिति में ढेर लगा दिया है, मगर खरीद नहीं होने के कारण बरसात में गेहूं भीगकर खराब हो रहा है। पन्नी के सहारे गेहूं बचाने की कोशिश की जा रही है।

कस्बे की सहकारी समिति में 100 किसानों और इंगोहटा में 20 किसानों ने अभी तक गेहूं बेचने के लिए पंजीकरण कराया है। खरीद शुरू नहीं होने से किसानों का गेहूं भीग गया है। किसानों ने गेहूं खरीद के लिए कस्बे की सहकारी समिति के साथ इंगोहटा सहकारी समिति को क्रय केंद्र बनाया गया है। कस्बे की सहकारी समिति में किसानों ने गेहूं लाकर खुले आसमान के नीचे ढेर लगा दिए हैं। सचिव समीर सचान ने बताया कि क्रय केंद्र की ई पास मशीन नहीं चल पा रही है। इस वजह से खरीद नहीं शुरू हो पा रही है। मंगलवार को इंजीनियर ने आकर मशीन को ठीक करने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली है। इंगोहटा में खरीद करने के लिए सुरेंद्र तिवारी को अधिकृत किया गया है। जल्द ही खरीद शुरू की जाएगी। उन्होंने बताया कि दोनों जगह पर अभी तक 120 किसान ने गेहूं बेचने के लिए पंजीकरण कराया है। मौसम साफ होने के बाद इसमें इजाफा होने की संभावना है।

# आंधी से टूटा बिजली का खंभा आधा दर्जन गांवों की आपूर्ति ठप

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)



आंधी से पत्योरा लाइन का टूटा बिजली का खंभा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मंगलवार देर शाम तेज आंधी से पत्योरा के समीप हाईटेंशन लाइन का खंभा टूट गया। जिससे आधा दर्जन गांवों के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की आपूर्ति ठप है। इससे ग्रामीण परेशान हैं। विद्युत विभाग ने 24 घंटे बीत जाने के बाद खंभे को नहीं बदला है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

पत्योरा के पूर्व प्रधान विजय कुमार ने बताया कि मंगलवार को शाम करीब 6:00 बजे आई तेज आंधी से गांव के समीप हाई टेंशन लाइन का खंबा टूटकर गिर गया। इससे पत्योरा डांडा, शिवरामपुर, मालिहाताला, बड़ा कछार, छोटा कछार, जलाला के साथ पत्योरा का प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की आपूर्ति ठप हो गई है। सूचना देने के बाद विद्युत विभाग ने बुधवार शाम तक विद्युत पोल नहीं बदला है। इससे बुधवार को भी आपूर्ति ठप रहने की संभावना बढ़ गई है। इससे ग्रामीण परेशान है। विद्युत विभाग के अवर अभियंता कार्तिकेय त्रिपाठी ने बताया कि पोल टूटने की जानकारी है। इसके बदलने की व्यवस्था की जा रही है। गुरुवार को आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

# बारिश से फसलों की बर्बादी, किसान परेशान

## मंगलवार की शाम से बुधवार तक बारिश का कहर, खेतों पर कटी पड़ी फसलों का दाना काला पड़ने की संभावना

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- गेहूं के साथ चना, सरसों और अरहर की कटी फसलें भीगीं
- खेतों पर फसलें भीगने और पानी भरने से अंकुरित होने का खतरा



खेत पर कटी पड़ी अरहर की फसल। अमृत विचार



खेत पर बारिश से भीगी गेहूं की फसल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मंगलवार शाम से शुरू बारिश का दौर बुधवार तक जारी रहा। इससे किसानों में निराशा है। खेतों में कहीं कटी गेहूं के साथ चना व अरहर की फसलें भीगने से काली पड़ने की संभावना बढ़ गई है। इससे किसान परेशान है मौसम का बिगड़ा स्वरूप देखकर किसान हलकान है।

बेमौसम बरसात ने किसानों को बड़ा झटका दिया है। मंगलवार की शाम को तेज हवाओं के साथ शुरू हुई बारिश का दौर रुक-रुक कर बुधवार को दोपहर तक जारी रहा। इसके बाद अभी भी आसमान में बादलों की आवाजाही का दौर जारी है। बादलों को देखकर किसान खासा सहम गए हैं। इंगोहटा निवासी किसान शुभकरण सिंह परिहार, मानसिंह भदौरिया, उदयभान यादव, अनूप श्रीवास, धीरेंद्र यादव आदि ने बताया कि बारिश के कारण खेतों में कटी पड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा है। वहीं कस्बे के सहकारी समिति गेहूं बेचने आए किसानों का गेहूं बारिश के चलते भीग गया। इससे किसान परेशान है।

**पौथिया संवाददाता** के अनुसार लगातार रिमझिम बारिश ने किसानों की नींद उड़ा दी। मंगलवार शाम पांच बजे से आंधी पानी तेज बिजली तड़कन शुरू होते ही रात भर किसानों की नींदे उड़ी रही। ललपुरा गांव के रहने वाले किसान श्यामबाबू ने बताया खेत में कटी गेहूं फ़सल गीली हो गई अब सूखने के बाद थ्रेसरिंग होगी। पौथिया के किसान गयादीन ने बताया फसल का बीमा भी नहीं कराया है। 11 बीघे खेत में गेहूं की फ़सल है। मजदूरों से कटवाकर गट्ठा बांध कर डाल दिया है, जो पूरी रात बारिश से भीग गई है। बारिश से बालियों में दीमक लगने का डर है। सीताराम ने बताया कि जगदीश व रणधीर के 5 बीघे खेत चौथाई में लेकर चना बोया था। फसल कटी पड़ी है लेकिन बारिश के कारण से कतराई नहीं हो रही है मेहनत में पानी फिर गया। वहीं कलौलीजार के किसान महादेव ने बताया अरहर की फसल कटी पड़ी है। इसी तरह बारिश होती रही तो दाना अंकुरित हो जाएगा।

**बिवांर संवाददाता** के अनुसार किसानों की फसल की कटाई के साथ थ्रेसरिंग का काम तेज चल रहा था। लेकिन एक सप्ताह से मौसम का मिजाज खराब होने से हर दिन बरसात हो रही है। जिसके फसल कटाई कतराई का कार्य ठप है। किसानों की डंप फसल सड़ने की कगार पर आ गई है। बुधवार सुबह 3:00 बजे से 9:00 तक झमाझम बरसात होने पर गांव वासी घर में दुपके रहे। 10 बजे से धूप निकलने पर खेत जाकर फसल को सुरक्षित करने में जुटे गए। आंधी के चलने से किसानों की डंप फसलों के साथ टीन टप्पर उड़ गए।

बरसात के साथ ही तेज आंधी के चलते किसानों की फसल का ज्यादा नुकसान हुआ है। फसल सड़ने का खतरा पैदा हो गया है। दोपहर में निकली धूप में फसल फैलाकर किसान सुखाने में लगे हैं। किसान पिंटू पाठक, श्रीनारायण, सुरजन यादव, एमपी यादव, रमेश सिंह ने बताया की फसल में 25 प्रतिशत नुकसान हुआ है। बारिश के चलते फसल घर लाना कठिन दिखाई दे रहा है।

### गेहूं खरीद केंद्रों पर मौसम का असर

**मौदहा।** बेमौसम बारिश का असर अब सरकारी गेहूं खरीद केंद्रों पर साफ दिखाई देने लगा है। पहले सप्ताह में खरीद केंद्रों पर किसानों की मौजूदगी बेहद कम रही, जिससे खरीद प्रक्रिया प्रभावित हो रही है।

मौदहा कृषि उत्पादन मंडी समिति के तीनों खरीद केंद्रों पर 746 किसानों ने गेहूं बिक्री के लिए पंजीकरण कराया है, लेकिन अब तक केवल 15 किसान ही फसल बेचने आए हैं। राजकीय गेहूं खरीद केंद्र प्रथम के प्रभारी राहुल यादव ने बताया कि केंद्र में 332 किसानों ने पंजीकरण कराया, जिनमें मात्र 5 किसानों ने 240 क्विंटल गेहूं की तौल कराई है। वहीं दूसरे केंद्र के प्रभारी सुशील कुमार ने बताया कि 250 किसानों का पंजीकरण हुआ, जिनमें से 10 किसानों से 746 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई है। जबकि तीसरे केंद्र पर अब तक खरीद पूरी तरह से शून्य बनी हुई है। किसानों का कहना है कि लगातार हो रही बारिश से खेतों से गेहूं निकालना मुश्किल हो रहा है।

### बुआ के घर पहुंची युवती प्रेमी संग गई

**बिवांर।** बुआ के घर आई युवती को पड़ोसी प्रेमी बहला-फुसलाकर भगा ले गया। युवती के फूफा ने युवक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है।

जालौन जिले के उरई काशीराम कॉलोनी निवासी 19 वर्षीय युवती 6 मार्च को क्षेत्र के छानीखुर्द गांव अपनी बुआ के पास आई थी। उसका उरई में पड़ोसी मोनू पुत्र वीर सिंह से प्रेम प्रसंग चल रहा था। फोन से बातचीत कर रही थी। बुआ की पुत्री ने उसे फोन पर बातचीत करते देख डांटा, लेकिन वह बातचीत करती रही। दो दिन पहले युवक उरई से गांव आया। युवती दुकान से सामान के खरीदने के बहाने घर से दोपहर करीब 11 बजे निकली। शाम तक न आने पर चिंतित बुआ-फूफा तलाश में जुट गए, लेकिन सुराग नहीं लगा। हारकर फूफा ने थाने पहुंचकर युवक के खिलाफ तहरीर दी है। एसआई विकास यादव ने बताया कि तहरीर मिली है। रिपोर्ट दर्ज कर तलाश की जाएगी।



विदाई समारोह में मौजूद आचार्य। अमृत विचार

## सेवानिवृत्त आचार्यों को दी गई विदाई

कार्यालय संवाददाता हमीरपुर

**अमृत विचार।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में आचार्य कमलकान्त मिश्र एवं जितेन्द्र सिंह को सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई दी गई।

दोनों आचार्यों ने विद्यालय में 32 से 39 वर्ष सेवाएं दीं। विद्यालय प्रबंधक रामकरण सिंह, प्रधानाचार्य रामप्रकाश गुप्ता ने अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न, श्रीफल एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य ने उनके कार्यकाल की भूरि-भूरि प्रशंसा की और नम आंखों से उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व की सराहना की। विद्यालय के सहकर्मियों मातादीन त्रिपाठी, अरुण मिश्र, शिवनाथ, घनश्यामदास, शशि गंगोला एवं कर्मचारी शिवशंकर आदि ने विचार रखे। संचालन आचार्य रमेश शुक्ल ने किया। विद्यालय के मीडिया प्रभारी आचार्य वेदप्रकाश शुक्ल ने जानकारी दी।

### आंबेडकर जयंती को लेकर बैठक

**मौदहा।** 14 अप्रैल को आंबेडकर जयंती पर निकलने वाली शोभायात्रा और कार्यक्रमों को लेकर आयोजकों के साथ एसडीएम और सीओ ने कोतवाली में बैठक की।

बैठक में शोभायात्रा और आंबेडकर पार्कों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी कर्णवीर सिंह और क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय ने की। कस्बे में मीरा तालाब, रहमानियां कालेज के पीछे और स्टेशन रोड पर आंबेडकर पार्क में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जबकि मीरा तालाब स्थित आंबेडकर पार्क से शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो फत्तेपुर, तहसील गेट, रहमानिया कालेज, नरहय्या होकर स्टेशन के निकट स्थित आंबेडकर पार्क होकर पुनः अपने गंतब्य स्थान पर सम्पन्न होगी। इस दौरान साफ सफाई, बिजली आपूर्ति और आवारा पशुओं का मुद्दा उठाया गया।

# अंग्रेज अफसर को गोली मारने में मंगल पांडेय को दी गई थी फांसी

कार्यालय संवाददाता हमीरपुर



गोष्ठी में क्रांतिकारी की जानकारी देते डॉ. भवानीदीन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सुमेरपुर कस्बे में देशभक्तों की देश के प्रति भूमिका के मद्देनजर वर्णिता संस्था के तत्वावधान में विमर्श विविधा के अन्तर्गत जिनका देश ऋणी है के तहत संस्था के अध्यक्ष डा भवानीदीन ने एक बेमिसाल क्रांतिचेता मंगल पांडेय की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

उन्होंने कहा कि मंगल पांडेय सही मायने में मां भारती के सच्चे सपूत थे। देश के प्रति इनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। इनका बलिया के निकट नगवा गांव में दिवाकर पांडेय और अभयरानी के घर 19 जुलाई 1827 को हुआ था। ये 22 वर्ष की सेना में भर्ती हो गये थे। बैरकपुर छावनी में थे, उसी समय यह संज्ञान में आया कि कारतूस के बाहरी आवरण में गाय और सुअर का मांस लगाया जा रहा है। इन्होंने विरोध किया, इस पर अंग्रेज अधिकारी इनके विरुद्ध हो गये। पांडेय ने एक गोरा अधिकारी पर गोली चला दी, जिससे वह घायल हो गया था।

अधिकारी ने मंगल को पकड़ने का आदेश दिया। सारे सैनिकों ने मना कर दिया। बाद में ये पकड़े गए, इन्हें फांसी की संजा दी गयी। इन्हें आठ अप्रैल 1857 को फांसी पर लटका दिया गया। ये देश के लिए कुर्बान हो गए। कार्यक्रम में अशोक अवस्थी, सिद्धा, महावीर प्रजापति इलेक्ट्रीशियन, रामनारायन सोनकर, विकास, दयाराम सोनकर, प्रेम, प्रिंस, रिचा, होरी लाल और राहुल प्रजापति आदि शामिल रहे।

**बताए गए अधिकार** | मुंडेरा के पंचायत भवन में लीगल एंड क्लीनिक का शुभारंभ, ग्रामीणों को दी गई विधिक जानकारी

# लीगल एंड क्लीनिक के जरिए मिलेगी कानूनी सलाह

संवाददाता, सुमेरपुर



मुंडेरा में कार्यक्रम में जानकारी देते वालंटियर। अमृत विचार



लोक अदालत को लेकर बैठक करते न्यायिक अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में बुधवार को क्षेत्र के मुंडेरा के पंचायत भवन में लीगल एंड क्लीनिक का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव डॉ. महेंद्र कुमार पाण्डेय के निर्देशन में पैरा लीगल वालंटियर गणेश सिंह द्वारा आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को विधिक सहायता, उनके अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि इस क्लीनिक के माध्यम से कम आय वर्ग, जरूरतमंद, अनुसूचित जाति, महिलाएं, दिव्यांग, बुजुर्ग, मजदूर, बच्चे और किशोरों को निःशुल्क कानूनी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सरोज सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। सचिव अमित तिवारी ने सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। आयोजन में पंचायत सहायक नरेश कुमार का विशेष सहयोग रहा। ग्रामवासी व महिलाएं कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

**लोक अदालत को लेकर बैठकः** जनपद न्यायाधीश मनोज कुमार राय की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर न्यायिक अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में अधिक से अधिक वादों को लोक अदालत में लाने के निर्देश दिए गए। जनपद न्यायाधीश ने मध्यस्थता के लिए सन्दर्भित किए गए मामलों की समीक्षा की। बैठक में एडीजे-1 उदयवीर सिंह, विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी) रनवीर सिंह, नोडल अधिकारी अनिल कुमार खरवार, सीजेएम विनय कुमार, सिविल जज (सीडि) निहारिका जायसवाल, एसीजेएम अभिषेक त्रिपाठी, सचिव महेन्द्र कुमार पांडेय, सिविल जज (सीडि) वंदना अग्रवाल, सिविल जज (जूडि) अंकित पाल, सिविल जज (जूडि) कीर्ति मिश्रा आदि रहे।

# सम्राट अशोक के कदमों पर चल रहा देशः स्वामी

संवाददाता, बिवांर (हमीरपुर)



संबोधित करते स्वामी प्रसाद मौर्य।

**अमृत विचार।** सम्राट अशोक की जयंती को लेकर टीहर गांव में मौर्य समाज की बैठक हुई। जिसमें रैली में एकजुटता दिखाने को कहा गया।

विकास खंड के ग्राम टीहर में सम्राट अशोक की 2330वीं जयंती को लेकर समारोह का आयोजन महान सम्राट अशोक युवा समिति ने किया। इस रैली के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उन्होंने कहा है कि इस समय कई देश युद्ध की बिभीषिका में जल रहे हैं। परंतु भारत देश सम्राट अशोक के कदमों में चल रहा है जो युद्ध में विश्वास नहीं रखता है। हमारे देश के राष्ट्रपति अन्य देशों में जाती हैं तो उन्हें कहा जाता है कि यह सम्राट अशोक के देश से हैं। हमारे भारत में कई महापुरुष हुए हैं। जिनमें बुद्ध, सम्राट अशोक प्रमुख हैं। इस विशाल जयंती पर उन्होंने समाज को एकजुट होने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री बृजमोहन कुशवाहा, कार्यक्रम आयोजक जगमोहन कुशवाहा, पूर्व प्रधान शिवप्रसाद कुशवाहा, वृंदावन कुशवाह, कमलेश कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक फरार, पुलिस परिजनों के पीछे पड़ी

**महोबा।** अजनर क्षेत्र के पठारी गांव में एक युवक के पुलिस चौकी से हथकड़ी समेत फरार होने का दावा किया जा रहा है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस और शराब ठेका संचालकों ने युवक के साथ बेरहमी से मारपीट की और अब उसे गायब कर दिया है। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जताते हुए एसपी से न्याय की गुहार लगाई है। मां शीला सेन का कहना है कि पुलिस अब उल्टा उन्हीं पर दबाव बना रही है कि बेटे को ढूंढकर लाओ, वरना पूरे परिवार पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया जाएगा। जिससे परिजनों को डर है कि पुलिस की मारपीट से कहीं उनके बेटे लक्ष्मी नारायण के साथ कोई अनहोनी तो नहीं हो गई है। पिता सोहनलाल सेन का कहना है कि अगर उनका बेटा भागा है, तो पुलिस उसकी जिम्मेदारी ले, क्योंकि वह पुलिस की कस्टडी में था। धवर्रा पुलिस चौकी प्रभारी की धमकियों से पूरा परिवार दहशत में है। इस पूरे मामले पर सीओ कुलपहाड़ रविकांत गौड़ का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में है और इसकी निष्पक्ष जांच कराई जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### बहन की शादी के लिए गैस की लगाई गुहार

**महोबा।** मकरबई गांव के एक युवक ने अपनी बहन की शादी के लिए गैस एजेंसियों से नियमों का हवाला देते हुए सिलेंडर देने से इंकार करने पर डीएम के पास पहुंचा और शादी के लिए 11 गैस सिलेंडर देने की मांग की है। मकरबई गांव निवासी आदित्य सिंह ने जिलाधिकारी कार्यालय में दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी बहन अनुराधा की शादी 5 मई को है। शादी के लिए हलवाई ने 15 गैस सिलेंडरों की मांग की है, जिसके लिए उसने खाली सिलेंडरों की व्यवस्था तो कर ली, लेकिन जब उन्होंने इन्हें भरवाने के लिए स्थानीय एचपी और इंडियन गैस एजेंसियों से संपर्क किया, तो उन्हें मना कर दिया गया। एजेंसियों ने बताया कि नियमों के अनुसार, 45 दिनों के अंतराल से पहले सिलेंडर नहीं दिए जा सकते। इस स्थिति में, आदित्य ने जिलाधिकारी से लिखित प्रार्थना पत्र देकर कम से कम 11 भरे हुए सिलेंडरों की स्वीकृति प्रदान करने की अपील की है। उधर एसडीएम कुंवर पंकज का कहना है कि नियमानुसार कमर्शियल सिलेंडर इस्तेमाल में लाए जाते है। कमर्शियल सिलेंडर के लिए वह डीएसओ ऑफिस में आवेदन पत्र दे दे, जिसमें उपलब्धता के आधार पर उसकी प्राथमिकता को देखते हुए उसे सिलेंडर उपलब्ध कार दिए जाएंगे।

# धूमधाम से निकली कलश यात्रा

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)


कुलपहाड़ में बुधवार को निकली कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

- कथा व्यास ने गोकर्ण व धुंधकारी की कथा का कराया रसपान

**अमृत विचार।** मां बाघ बिराजन धाम कुलपहाड़ में बुधवार से प्रारंभ दिव्य संगीतमय श्रीमद् भगवत महापुराण कथा के प्रथम दिवस पर नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा दौरान महिलाएं पीले वस्त्र पहनकर सिर पर कलश रखे हुए चल रही थी। नवयुवक भी डीजे की धुन पर उछलते हुए चल रहे थे। कलश यात्रा दौरान भक्तों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। कथा व्यास पंडित अभय कृष्णा महाराज बग्घी में चलते हुए लोगों को आर्शीवाद दे रहे थे।

कलश यात्रा मां बाघबिराजन धाम से शुरू होकर महोबा रोड बस स्टैंड, बाजार गल्ला मंडी, इंडियन बैंक मार्ग से होकर बस स्टैंड गोंडी चौराहा होते हुए देर शाम मां बाघबिराजन धाम कथा पंडाल में संपन्न हुई। कलश यात्रा में बच्चे हाथ में झंडा लहराते हुए चल रहे थे। पुजारी पंडित नरेंद्र दुबे महाराज सहित भारी संख्या में भक्तगण शामिल होकर भव्य कलश यात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। कलश यात्रा देखने के लिए महिलाएं और पुरुष घरों से बाहर निकलकर आ गए। कलश यात्रा में शामिल महिला व युवा श्रीकृष्ण के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। कथा व्यास ने श्रीमद्भागवत कथा में गोकर्ण और धुंधकारी की कथा सुनाते हुए कहा कि आत्मदेव नामक ब्राह्मण के परिवार की अत्यंत मार्मिक कहानी है, जो भागवत कथा की मुक्तिदायी शक्ति को दर्शाती है। गोकर्ण (विद्वान पुत्र) ने अपने पापी भाई धुंधकारी को प्रेत योनि से मुक्त करने के लिए सात दिनों तक भागवत कथा का आयोजन किया था। इस कथा के श्रवण से धुंधकारी को दिव्य शरीर प्राप्त हुआ और वह प्रेत योनि से मुक्त होकर वैकुंठ गया।

# कांग्रेस ने बर्बाद फसलों का मांगा मुआवजा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- आंधी-तूफान व बारिश से फसलों की बर्बादी का मुद्दा उठाया
- एसडीएम को ज्ञापन सौंप देकर किसानों की मदद की मांग


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते कांग्रेसी और किसान। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आंधी, बारिश से खेतों पर तैयार और कटी पड़ी फसलें बर्बाद हो जाने से किसानों के समक्ष आर्थिक संकट पैदा हो गया। किसानों की इस समस्या को उठाते हुए बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेसियों और किसानों ने सदर तहसील परिसर पहुंचकर प्रदर्शन किया। इसके बाद उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर प्राकृतिक आपदा से बर्बाद हुई फसल का सर्वे कराते हुए पर्याप्त मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

किसानों की समस्याओं को उठाते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार धुरिया ने कहा कि अप्रैल माह की शुरुआत में हुई तेज बारिश और आंधी तूफान के कारण जिले में गेहूं, चना, मटर और सरसों की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है, जिसके बाद पहले से परेशान किसान की अब आर्थिक स्थिति और खराब हो रही है। कहा कि किसान दिन रात मेहनत और साहूकारों से कर्ज लेकर खेत में फसल की बुवाई करता है, लेकिन कभी अन्नापशुओं की आतंक तो कभी खाद बीज की किल्लत की दिक्कत झेलने के बाद जब फसल तैयार होती है तो आंधी तूफान किसानों की मेहनत में पानी फेर देता है, जिससे अन्ना देने वाला अन्नदाता ही अपनी रोजी रोटी के यहां वहां मेहनत मजदूरी करने को मजबूर होना पड़ता है।

एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में बताया कि जिले में आई आंधी तूफान और भारी बारिश ने खेतों में लगी व कटी पड़ी ज्यादातर फसल को बर्बाद कर दिया है, जिससे किसान पूरी तरह टूट गया। ज्ञापन में दैवीय आपदा में अर्थिक रुप से बर्बाद हुए किसानों की मदद के लिए सर्वे कराकर नुकसान का जायजा लेते हुए किसानों को उचित मुआवजा दिलाया जाए। ज्ञापन देने वालों में जिला कांग्रेसे कार्यालय सचिव अजय कोली, जिला सचिव मुकेश सक्सेना, जिलाध्यक्ष आरटीआई संजय सिंह, कोषाध्यक्ष देशराज रैकवार, हरदयाल, चुन्नीलाल, कामता प्रसाद, पुष्पेंद्र कुशवाहा, हर प्रसाद, शिवनारायण, बालाप्रसाद, लखनलाल, विनोद आदि कांग्रेसी व किसान मौजूद रहे।

# जैतपुर में दो दिन से पेयजल आपूर्ति ठप, लोगों में गुस्सा

## नमामि गंगे योजना की पाइप लाइन हुई खराब, एक किमी दूर से ढो रहे पानी

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)


खराब पड़ी जैतपुर की पाइप लाइन।


हैंडपंप से पानी भरकर गुजारा कर रहे लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नमामि गंगे योजना के तहत बिछाई गई पाइप लाइन के बाद भी लोगों को पानी न मिलने से ग्रामीणों में खासा गुस्सा है। अधिकारियों क मनमानी के चलते बेलाताल गांव में दो दिन से पेयजल आपूर्ति ठप है, जिससे ग्रामीण पानी के लिए दूर दराज लगे हैंडपंपों से पानी लाने के लिए मजबूर हैं। ग्रामीणों का कहना है कि साइकिल और पैदल चलकर एक एक किमी. दूर से पानी भरकर लाना पड़ रहा है और विभागीय अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

20 हजार की आबादी वाले बेलाताल गांव की आधी आबादी को नमामि गंगे योजना के तहत पानी की आपूर्ति की जाती है, लेकिन पाइप लाइन जगह जगह टूटी होने के कारण लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंचा रहा है, बल्टि टूटी पाइप लाइन से पानी बहकर बर्बाद हो रहा है, जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। गांव की पेयजल की गंभीर समस्या बनी हुई है। इस संबन्ध में अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी पानी की समस्या का समाधान नहीं कराया जा रहा है।

जैतपुर के खंदियापुरा निवासी बसंतलाल कुशवाहा, पंचमलाल रैकवार, शिवचरन, रामाधार, घुसयाना मुहाल के हीरा सिंह यादव, चर्तुर सिंह, बाबूलाल कुशवाहा, चिरंजीलाल, देवेंद्र अहिरवार, हरिश्चंद्र यादव, जुगयाना मुहाल के ताजुद्दीन, मैकू, लखनलाल नाई, मुहाल ड्योढीपुरा के रमेशचंद्र प्रजापति, सुनील सक्सेना, केशव सोनी, गोकुल श्रीवास, ब्रजेश ब्यास, मनीष, अंकित, नारुपुरा के राहुल रैकवार, नारायण आदि का कहना है कि दो दिन से पानी की आपूर्ति ठप होने से लोग बूंद बूंद पानी को तरस रहे है। सारे कामकाज छोड़कर लोग पानी के लिए सुबह से हैंडपंपों पहुंचकर लाइन लगा रहे हैं।

### खंभे टूटने से मगरौल गांव में भी जलापूर्ति ठप

- नन्ही मगरौल में आई तेज आंधी से बिजली के खंभे टूट जाने के कारण कुए से होने वाली पेयजल आपूर्ति भी ठप हो गई। श्रीनगर तिराहा, ड्यूटीपुरा सहित आधा दर्जन मुहालों में पेयजल समस्या से लोगों को जूझना पड़ रहा है। इस बावत जेई सर्वेश कुमार मिश्रा का कहना है कि पेयजल आपूर्ति करने वाला गेटबाल खराब हो गया। जल्द ही ठीक करा दिया जाएगा, 9 अप्रैल से पेयजल आपूर्ति की जाएगी।

# एफआईआर के लिए शिक्षकों का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- शिक्षक की संदिग्ध हालात में मौत को लेकर शिक्षकों ने किया प्रदर्शन
- एक सप्ताह बाद भी केस दर्ज न होने पर एसपी से जांच की मांग उठाई

**अमृत विचार।** एक सप्ताह पहले दूध लेकर गांव से महोबा आते समय शिक्षक नेता की रास्ते में संदिग्ध हालात में मौत होने पर बुधवार को प्राथमिक शिक्षा संघ ने एसपी कार्यालय के बाहर एकत्र होकर प्रदर्शन किया और पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह और कोतवाली प्रभारी मनीष पांडेय को तहरीर देकर केस दर्ज कराकर एसआईटी से जांच कराए जाने की मांग की।

प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष भगत सिंह राजपूत बिलबई चुंगी के समीप नहर के किनारे मकान बनाकर रहते थे। वह अपने गांव बारात पहाड़ी से रोज शाम को बाइक से दूध लेने जाते थे। 31 मार्च को वह बुलेट से बारात पहाड़ी से दूध लेकर रात को लौट रहा थे। भगत सिंह राजपूत बुलेट सहित खाई में सुबह मृत पाए गए। परिवार के लोग रात में काफी तलाश करते रहे, लेकिन गहरी खाई में गांव से करीब एक किमी. आगे पहाडी के पास पड़े होने के कारण पता नहीं चल सका।

अगले दिन सुबह एक अप्रैल को सुबह राहगीरों ने बाइक समेत शिक्षक नेता को पड़ा देखकर परिजनों को जानकारी दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने प्रथम दृष्टया दुर्घटना मानकर शव का पंचनामा करा दिया, लेकिन मृतक के सिर पर ऊपरी हिस्से में चोट आने पर मृतक के भाई संजीव कुमार ने अपने रिश्तेदारों के साथ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात और घटना की जांच कराए जाने की मांग की थी, लेकिन आज तक कोई जांच किए जाने से आहत शिक्षकों ने अपने साथी की संदिग्ध परिस्थिति मे हुई मौत के मामले में बुधवार को एसपी से मुलाबात की। बाद में कोतवाली पहुंचकर प्रभारी निरीक्षक से मुकदमा दर्ज कराए जाने की तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक ने मुकदमा दर्ज कर जांच कराए जाने का आश्वासन दिया है। इस मौके परदयाराम वर्मा देवेंद्र यादव, सत्येंद्र यादव, सनातन रावत, मनोज वर्मा, रमाकांत मिश्रा, सियाराम वर्मा, रामकृपाल, मुकेश श्रीवास, बेनी यादव, कुलदीप तिवारी आदि शिक्षक उपस्थित रहे।


शिक्षक की मौत पर एफआईआर दर्ज कराने के लिए कोतवाली पहुंचे प्राथमिक शिक्षक संघ के नेता। अमृत विचार

# एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान

कार्यालय संवाददाता, महोबा


नशे से दूर रहने की शपथ लेते स्कूल के बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के तहत अजनर के दुबे मुहाल स्थित प्राथमिक विद्यालय में कार्यक्रम हुआ। चिकित्सकों ने लोगों को नशा और तंबाकू जैसे नशीले पदार्थों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के बच्चों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई और दुष्प्रभाव बताए गए।

जैतपुर सीएचसी के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पीके सिंह की देखरेख में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के अलावा ग्रामीणों को तंबाकू और नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक कर स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करना था। अधीक्षक ने कहा कि तंबाकू का सेवन मौतों का एक प्रमुख कारण है। भारत में प्रतिवर्ष लाखों लोग तंबाकू जनित बीमारियों से असमय काल का ग्रास बन जाते हैं। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में जागरूकता की कमी के कारण किशोर अवस्था में ही नशे की लत लग जाती है। इससे कैंसर, हृदय रोग और फेफड़ों की गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। डॉ. आकांक्षा सोनी ने कहा कि तंबाकू स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है। उन्होंने बच्चों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और लोगों को भी जागरूक करें। नशा व्यक्ति की आर्थिक, मानसिक और सामाजिक स्थिति को कमजोर करता है, जिससे पूरा परिवार प्रभावित होता है। उन्होंने छात्रों को नशा मुक्त जीवन का संकल्प दिलाते हुए कहा कि आज का संकल्प ही कल का सुरक्षित भविष्य है। कार्यक्रम के दौरान डॉ. अमित गंगेले, संगीता सहित स्वास्थ्य विभाग के लोग मौजूद रहे।

# चेकिंग अभियान में वाहनों के चालान

**महोबा।** एसपी शशांक सिंह के निर्देश पर जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था सुदृढ़ रखने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। बुधवार को पुलिस ने वाहन चेकिंग करते हुए काली फिल्म हटाई और कई वाहनों के चालान किए।

चेकिंग के दौरान चार पहिया वाहनों में लगी काली फिल्म को हटवाते हुए संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। इसके अतिरिक्त यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले अन्य वाहन चालकों के विरुद्ध भी मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत चालान की कार्रवाई की गई। जिला पुलिस ने स्पष्ट किया गया है कि जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधों की रोकथाम के लिए इस प्रकार की चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# नए कप्तान ने भौगोलिक हालात समझे

कार्यालय संवाददाता, महोबा


कबरई थाने में निरीक्षण के दौरान जरूरी निर्देश देते एसपी शशांक सिंह। अमृत विचार

- एसपी ने कबरई थाने का औचक निरीक्षण कर दिए जरूरी निर्देश

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह ने मंगलवार की रात थाना कबरई का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर हेल्प डेस्क, आवासीय बैरक सहित थाना परिसर के विभिन्न अनुभागों का गहन अवलोकन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने थाना क्षेत्र के प्रमुख अपराधों की समीक्षा करते हुए सीमावर्ती क्षेत्रों, संवेदनशील स्थलों, मुख्य मार्गों की स्थिति के संबन्ध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई साथ ही भूमि विवाद एवं अन्य आपराधिक मामलों की समीक्षा कर उनके त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए निर्देश दिए।

एसपी ने थाना कबरई का निरीक्षण करते हुए अपराध रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, हिस्ट्रीशीटर रजिस्टर, फ्लाईशीट एवं टॉप-10 रजिस्टर का गहन परीक्षण किया कर अभिलेखों के सही ढंग से रख-रखाव, नियमित प्रविष्टि, सूचनाओं की शुद्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया, जिससे प्रशासनिक और विधिक कार्रवाई में पारदर्शिता बनी रहे। पुलिस अधीक्षक ने हिस्ट्रीशीटर, सक्रिय अपराधियों की गतिविधियों की समीक्षा कर उनके विरुद्ध प्रभावी एवं कठोर वैधानिक कार्रवाई करने और सतत निगरानी करते हुए समय समय पर सत्यापन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण दौरान रात्रि गश्त को और अधिक सुदृढ़ बनाने, संवेदनशील स्थानों पर नियमित चेकिंग करने की बात कही।

एसपी ने थाना परिसर का भ्रमण कर आवासीय बैरकों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण कर आवश्यक सुधार के लिए निर्देश दिए गए साथ ही साफ सफाई व्यवस्था, मालखाना, हवालात और कार्यालय कक्षों की स्थिति का जायजा लेकर लावारिस, जब्त वाहनों के शीघ्र निस्तारण के लिए आवश्यक कार्रवाई करने पर जोर दिया। उन्होंने आगामी 14 अप्रैल को आयोजित होने वाली डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के दृष्टिगत कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने के लिए जुलूस व अन्य कार्यक्रमों के रूट निर्धारण की जानकारी लेते हुए संवेदशीत स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती करते हुए कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर थानाध्यक्ष सत्यवेंद्र सिंह भदौरिया सहित थाना स्टाफ मौजूद रहा।

मौसम की मार | फसल को बचाने के लिए अब किसान हार्वेस्टर के जरिए करा रहे कटाई

# बेमौसम बारिश ने किसानों की बढ़ाई चिंता

संवाददाता, बेलाताल (महोबा)


बारिश से खेतों पर भीगी पड़ी गेहूं की फसल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** इस साल बेमौसम बारिश थमने का नाम नहीं ले रही है। किसानों की गेहूं की कटी हुई फसल खेतों में पड़ी हुई है। प्रतिदिन पानी बरसने से अब फसल सड़ने की आशंका पैदा हो गई है। किसान फसल को बचाने के लिए प्रतिदिन उसे खेतों में पलट रहा है। बारिश ने किसानों के लिए नई मुसीबत खड़ी कर दी है। खेतों में जगह जगह लगे फसल के ढेर अब बारिश से बर्बाद होने लगे है, जिससे किसान खासा चिंतित है।

कस्बा जैतपुर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गेहूं और जबा फसल की कटाई तेजी से चल रही है। किसान दिन रात फसल काटने में जुटा हुआ है। अब बारिश को देखते हुए तमाम किसान हार्वेस्टर से फसल का कटाने में जुट गए हैं। प्रतिदिन हो रही बारिश से किसानों की खेतों में कटी फसल सूखने का नाम नहीं ले रही है, जिससे फसल की थ्रेशर मशीन से थ्रेशिंग नहीं हो पा रही है। फसल थोड़ी बहुत सूखने पर पुनः बारिश हो जाने से फसल दोबारा गीली हो जाती है।

ग्राम जैतपुर के खुसियानपुरा निवासी सोहर सिंह यादव, हलकाई, ब्यासपुरा के सरजू पारासर, राजू ब्यास, इक्षाराम, हरदयाल कुशवाहा, भरतलाल, शिवराम गोस्वामी, लक्ष्मीप्रसाद गोस्वामी, तकियापुरा के हरप्रसाद कुशवाहा, परशुराम, जैलवारा के हनुमत त्रिपाठी, रमेश राजपूत, परमलाल, बघौरा के जगप्रसाद, अमर सिंह सहित क्षेत्र के तमाम किसानों की एक तिहाई फसल बारिश की भेट चढ गई है। कई पर कटाई करके खेतों पर गेहूं ढेर लगे हैं, तो कही पर खेतों पर फसल कटी पड़ी हुई है जो आंधी में उड़ जाती है।

# एसपी ने वर्चुअल जनसुनवाई की

**महोबा।** एसपी शशांक सिंह ने पुलिस कार्यालय में गूगल मीट के जरिए वर्चुअल जनसुनवाई की। जिले के समस्त पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी शामिल हुए।

जनसुनवाई के दौरान एसपी ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। वर्चुअल जनसुनवाई में एसपी ने निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके साथ ही उन्होंने जन समस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी और उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

# एएसपी ने परखी शारीरिक दक्षता

कार्यालय संवाददाता, महोबा


परेड के दौरान टोलीवार निरीक्षण करतीं एएसपी वंदना सिंह। अमृत विचार

- रिक्रूट आरक्षियों को स्वच्छता और अनुशासन का दिया संदेश

**अमृत विचार।** एएसपी वंदना सिंह ने साप्ताहिक परेड में टोलीवार निरीक्षण किया और रिक्रूट आरक्षियों की ड्रिल भी कराई। एएसपी ने पुलिस लाइन का भ्रमण कर व्यवस्थाओं को परखा। उन्होंने रिक्रूट आरिक्षयों को कर्तव्य एवं निष्ठा बोध कराया।

एएसपी वंदना सिंह ने रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी ली। परेड के बाद टोलीवार निरीक्षण कर अनुशासन की दृष्टि से पुलिस एवं रिक्रूट आरक्षियों से टोलीवार ड्रिल कराई। उन्होंने शारीरिक व मानसिक दृढ़ता परखने के उद्देश्य से दौड़ भी कराई। पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों को संबोधित करते हुए एएसपी ने पुलिस बल की गरिमा, कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को अनुशासन, एकरूपता, स्वच्छ वर्दी और परिसर को स्वच्छ रखने जैसे मूलभूत बिंदुओं पर चर्चा की। एएसपी ने पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं को परखा जिसमें नवचयनित आरक्षियों के बैरक, क्लासरूम, मेस व भोजनालय का निरीक्षण कर स्वच्छता और अनुशासन बनाए रखने के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। परेड के बाद अर्दली रूम का निरीक्षण करते हुए एएसपी दौरान गार्द रजिस्टरों की जांच की गई साथ ही अधिकारियों, कर्मचारियों को अनुशासन और कार्य कुशलता बनाए रखने संबन्धी आवश्यक निर्देश दिए।

## न्यूज ब्रीफ

### कार और बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत

**मऊ।** मऊ थाना क्षेत्र के झांसी मिर्जापुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर ददरी मोड़ के पास बुधवार शाम करीब 6:30 बजे तेज रफ्तार कार और बाइक की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हन्ना बिनैका निवासी छोटू तिवारी बाइक से रैपुरा की ओर से आ रहे थे, तभी सामने से आ रही कार से उनकी टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। घटना में छोटू तिवारी को सीएचसी मऊ ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं कार चालक दुर्गा गंभीर रूप से घायल हैं, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद कर्वी रेफर किया गया है।

### 13 को मशाल जुलूस निकालने की तैयारी

**चित्रकूट।** तुलसी पार्क में अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक संगठन की बैठक हुई। अध्यक्षता प्रदेश संयोजक कमलेश पांडेय और संचालन मंडल अध्यक्ष शिवसागर मिश्रा ने किया। बैठक में 13 अप्रैल को टेट अनिवार्यता के विरोध में मशाल जुलूस निकाले जाने की रणनीति बनी। तय किया गया कि पटेल तिराहे के पास पार्क में शिक्षक एकत्रित होंगे। बैठक में विश्वबंधु पाण्डेय, हर्ष त्रिपाठी, रामबली वर्मा, मानवेंद्र मिश्र, अरविंद कुमार, धर्मेंद्र, विनोद कुमार, कासिफ इकबाल, भरत मिश्र, लवकुश केशरवानी, वीरेंद्र मिश्र, रवि अग्रहरि आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### आग से कई किसानों की फसल राख

**मऊ।** थाना क्षेत्र के ग्राम बंबुरी में मंगलवार देर शाम शार्ट सर्किट से कई खेतों में भीषण आग लग गई। पीर मोहम्मद सहित अन्य किसानों की लगभग दो बीघा गेहूं की फसल राख हो गई। माना जा रहा है कि आग बिजली के तारों में शॉर्ट सर्किट होने से लगी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और तेजी से खेतों में फैल गई। फायर ब्रिगेड की टीम नेआग बुझाई।

### सीएचसी में मरीजों को दी एमएमडीपी किट

**मऊ ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मरीजों को एमएमडीपी (मॉर्बिडिटी मैनेजमेंट एंड डिसएबिलिटी प्रिवेंशन) किट वितरित की गई। किट में मरीजों की दैनिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए बाल्टी, टब, मग, साबुन, एंटीबायोटिक क्रीम और तौलिया जैसी सामग्री है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. हारून ने बताया कि मऊ क्षेत्र में वर्तमान में 51 फाइलेरिया मरीज पंजीकृत हैं। धर्मवीर सिंह, शीलनिधि खरे, शिरोमणि आर्या, संतोष गुप्ता रहे।

### नाबालिग से दुराचार का आरोपी गिरफ्तार

**बरगढ़।** चार फरवरी को एक ग्रामीण ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपी राकेश कुमार चौहान उसकी 13 वर्षीया पुत्री को बहला फुसलाकर ले गया। सात अप्रैल को एसआई ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को गिरफ्तार किया। कोर्ट के समक्ष पीड़िता के बयान के आधार पर रिपोर्ट में पाक्सो एक्ट की बढ़ोतरी हुई।

### ट्रेजरी घोटाले में मिली एक और को जमानत

**चित्रकूट।** 43 करोड़ के चर्चित ट्रेजरी घोटाले के कथित बिचौलिये देव कुमार उर्फ 'बोग्गन' त्रिपाठी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली। अधिवक्ता क्रांतिकिरण पांडेय ने बताया कि उनके खाते में ट्रेजरी का एक भी रुपये का लेनदेन नहीं हुआ। प्रथम सूचना रिपोर्ट में भी उनका नाम तक दर्ज नहीं था। बताया कि इन तथ्यों को गंभीरता से लेते हुए कोर्ट ने देव कुमार को जमानत पर रिहा करने का आदेश सुनाया।

# स्मार्ट मीटर से बढ़ा बिजली बिल, महिलाओं का प्रदर्शन

## प्रशासन को ज्ञापन देकर मामला संज्ञान में लेने की लगाई गुहार, परेशान हो रहे उपभोक्ता

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट



भूपेंद्र पटेल की अगुवाई में कलेक्ट्रेट पहुंचीं महिलाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** बिजली विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर लोगों का सिरदर्द बनते जा रहे हैं। खास तौर पर ग्रामीण इलाकों में तो स्मार्ट मीटरों के आने वाले बिजली बिलों ने गरीब परिवारों की कमर तोड़कर रख दी है। बुधवार को सीतापुर ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचीं और इस संबंध में विरोध प्रदर्शन कर एडीएम अरुण कुमार को ज्ञापन सौंपा।

समाजसेवी भूपेंद्र पटेल के साथ पहुंचीं महिलाओं ने बताया कि क्षेत्र पहले से ही आर्थिक रूप से पिछड़ा है, जहां रोजगार के अवसर बेहद सीमित हैं। अधिकांश परिवार दिहाड़ी मजदूरी या छोटे-मोटे कामकाज पर निर्भर हैं। लगातार काम न मिलने और आय के स्थायी साधन न होने से परिवारों का भरण-पोषण करना ही मुश्किल हो रहा है। ऐसे में स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिलों में बेतहाशा बढ़ोत्तरी ने उनकी परेशानी और बढ़ा दी है। महिलाओं ने कहा कि पहले जहां किसी तरह बिजली का बिल भर दिया जाता था, वहीं अब बिल कई गुना बढ़कर आ रहा है, जिसे चुकाना उनके लिए संभव नहीं हो पा रहा। उनका कहना था कि इतनी तेजी से तो क्षेत्र में रोजगार और विकास नहीं बढ़ा, जितनी तेजी से स्मार्ट मीटर बिजली बिल बढ़ा रहा है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मीटर रीडिंग और बिलिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं है, जिससे लोगों में भ्रम बढ़ा रहा है। ज्ञापन में महिलाओं ने मांग की कि स्मार्ट मीटर की जांच कराई जाए, बढ़े हुए बिलों को कम किया जाए और गरीब उपभोक्ताओं को राहत दी जाए। कलेक्ट्रेट परिसर में महिलाओं ने शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन करते हुए प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की। एडीएम ने उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभाग को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। महिलाओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन को मजबूर होंगी।

# अवैध कब्जों और भ्रष्टाचार पर भीम आर्मी ने खोला मोर्चा

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट



तहसीलदार चंद्रकांत तिवारी को ज्ञापन देते संजय गौतम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** सरकारी जमीनों पर बढ़ते अवैध कब्जों, योजनाओं में भ्रष्टाचार और विभागीय उदासीनता के खिलाफ भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने बुधवार को मोर्चा खोल दिया। संगठन के जिला संयोजक/जिलाध्यक्ष संजय कुमार गौतम के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि कर्वी-चित्रकूट क्षेत्र में आंबेडकर पार्कों सहित सरकारी भूमि पर भू-माफियाओं का कब्जा लगातार बढ़ता जा रहा है लेकिन जिम्मेदार विभाग जानबूझकर आंख मूंदे बैठे हैं। संगठन का कहना है कि कई स्थानों पर आंबेडकर पार्क की जमीन पर अवैध निर्माण तक कराए जा रहे हैं। भीम आर्मी ने निर्माण कार्यों में भारी अनियमितताओं का मुद्दा भी उठाया। आरोप लगाया कि बिना मानक और गुणवत्ता के निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं, जबकि कागजों में भारीभरकम खर्च दिखाया जा रहा है। पंचायत राज विभाग पर फर्जी तरीके से योजनाओं का संचालन करने और अपात्र लोगों को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाया गया। कहा गया कि वहीं पात्र लाभार्थियों को दरकिनार किया जा रहा है। इसके अलावा ज्ञापन में कहा गया कि वनाधिकार कानून 2005-06 का सही तरीके से पालन नहीं किया जा रहा, जिससे आदिवासी और वनवासी समुदाय अपने अधिकारों से वंचित हैं। स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े करते हुए आरोप लगाया गया कि अस्पतालों में डॉक्टरों की तैनाती कागजों में दिखाई जाती है, जबकि जमीनी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल हैं। ज्ञापन में अनुसूचित जाति/जनजाति के मामलों में लंबित जांच, भ्रष्टाचार से जुड़े प्रकरणों में कार्रवाई की धीमी गति को प्रमुख मुद्दा बनाया गया है। संगठन ने आंबेडकर चौराहे के निर्माण, पार्कों की जमीन को कब्जामुक्त कराने, स्वास्थ्य सेवाओं को दुरुस्त करने और पंचायत क्षेत्रों में पारदर्शिता लाने सहित कुल 16 मांगों को तत्काल पूरा करने की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी कि प्रशासन ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए, तो भीम आर्मी व्यापक जनांदोलन शुरू करेगी।



राजापुर में जागरूकता रैली निकालती छात्राएं। अमृत विचार

# प्रवेशोत्सव में मेधावी छात्राओं का किया सम्मान

संवाददाता, राजापुर चित्रकूट

**अमृत विचार।** कस्बे के पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कालेज में प्रवेशोत्सव में मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। स्कूल चलो अभियान के तहत रैली निकाली गई।

कार्यक्रम में नवप्रवेशी छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। प्रधानाचार्य पार्वती देवी ने मां सरस्वती की प्रतिमा की पूजा अर्चना की और दीप प्रज्ज्वलित किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि शिक्षा हर बच्चे का मौलिक अधिकार है। हमें मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। जब तक समाज जागरूक नहीं होगा, तब तक शत-प्रतिशत नामांकन संभव नहीं है। अभिभावकों की जिम्मेदारी है कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें। अभिभावक ही बच्चों के प्रथम गुरु हैं और उनको बच्चों की पढ़ाई-लिखाई में ध्यान देने की आवश्यकता है। शिक्षा हर बच्चे का मौलिक अधिकार है। इस दौरान लक्ष्मी देवी, शशि मिश्रा, मनीष यादव, सविता यादव, डा. कविता, रुचि यादव, डा. दीपिका बरनवाल, सुनीता देवी, दीप्ति सिंह, रश्मि सिंह, अंजना सिंह, रसनामणि पटेल, रीना रहीं।

# डिफेंस कॉरिडोर : चित्रकूट में 562.5 करोड़ का निवेश

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट



कंपनी के अधिकारियों को आवंटन पत्र देते सीएम योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार चित्रकूट के विकास के लिए तत्पर है। सीएम योगी आदित्यनाथ डिफेंस कॉरिडोर परियोजना को लेकर लगातार समीक्षा बैठकें कर रहे हैं, जिसका असर अब जमीन पर दिखाई देने लगा है। बुधवार को उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के चित्रकूट नोड में 75 हेक्टेयर भूमि का आवंटन पत्र भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मनोज जैन को मुख्यमंत्री ने सौंपा।

चित्रकूट डिफेंस नोड के व्यवस्थित और चरणबद्ध विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। इससे प्रदेश में रक्षा विनिर्माण अवसंरचना मजबूत होगी और बुंदेलखंड क्षेत्र में औद्योगिक विकास को नई रफ्तार मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह परियोजना उत्तर प्रदेश को रक्षा निर्माण के क्षेत्र में एक मजबूत और विश्वसनीय पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने बताया कि मध्य भारत में स्थित चित्रकूट अपनी बेहतर कनेक्टिविटी और भौगोलिक अनुकूलता के कारण तेजी से रक्षा उत्पादन का उभरता केंद्र बन रहा है।

### 562.5 करोड़ का निवेश, 300 से अधिक रोजगार

- इस परियोजना के तहत बीईएल करीब 562.5 करोड़ रुपये का निवेश कर अत्याधुनिक राडार और वायु रक्षा प्रणालियों के निर्माण के लिए यूनिट स्थापित करेगी। इससे 300 से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे, जबकि अप्रत्यक्ष रूप से भी बड़ी संख्या में लोगों को काम मिलेगा। सीएम ने आशा जताई कि इस हाई-टेक यूनिट की स्थापना से स्थानीय युवाओं को गुणवत्तापूर्ण रोजगार मिलेगा और रोजगार के लिए पलायन में कमी आएगी। साथ ही यह परियोजना तकनीकी कौशल, अनुसंधान को भी बढ़ावा देगी।

# रिक्त विद्यालय में संचालित हों आंगनबाड़ी केंद्र

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने जिला पोषण की समिति में कहा कि प्रतिदिन आंगनबाड़ी केंद्रों के खुलने की सूचना फीड की जाए। केंद्रों में बच्चों की शतप्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि खंड शिक्षा अधिकारी तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी समन्वय से पेयरिंग के बाद रिक्त विद्यालय भवनों में केंद्रों को शिफ्ट कराएं और अगले माह की रिपोर्ट में इस संबंध में जानकारी दें।

डीएम ने कहा कि सभी मुख्य सेविकाएं अपने परिक्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सूचित करें कि निर्धारित कैलेंडर के अनुसार गतिविधियां करनी हैं। केंद्रों में आधारभूत सुविधाओं की वास्तविक स्थिति फीड कराएं। उन्होंने ग्रामीण अभियंत्रण विभाग को निर्देशित किया कि नीति आयोग के फंड से निर्माणाधीन केंद्रों को 15 दिवस के अंदर पूरा कराएं और हैंडओवर कराएं। जिला स्तरीय अधिकारियों को नामित कराते हुए पोषण ट्रैकर पर फीड सूचनाओं एवं बच्चों की उपस्थिति देखें।

डीपीआरओ और बीएसए को निर्देशित किया कि विद्यालयों में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित होने पर उनका भी कायाकल्प कराएं। इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि फरवरी 2025 में 850 सैम एवं 3415 मैम बच्चे चिह्नित हुए थे। मार्च 2026 में 688 सैम एवं 2749 मैम बच्चे चिह्नित हुए हैं।


**कार्यालय ग्राम पंचायत नांदी विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट**

पत्रांक: मेमो | **निविदा सूचना** | दिनांक: 08.04.2026

विकास खंड पहाड़ी अन्तर्गत ग्राम पंचायत नांदी में राज्य वित्त 15वित्त योजना अंतर्गत निम्न कार्य में प्रयुक्त सामग्री हेतु व्यापार कर व आयकर में पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित किया जाता है निविदा प्रकाशन के पांच दिवस तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा निविदा ही मान्य होगी। दिनांक 9/4/2026 से 14/4/2026 तक

| क्र.सं. | कार्य का नाम | लागत | धरोहर राशि | निविदा राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत नांदी की गौशाला में चरही निर्माण | 144403 | 2850 | 500 |
| 2 | ग्राम पंचायत नांदी की गौशाला में इंटर लॉकिंग खड़ंजा निर्माण | 116961 | 2250 | 500 |
| 3 | ग्राम पंचायत नांदी की गौशाला में इंटर लॉकिंग खरंजा निर्माण भाग 2 | 148335 | 2850 | 500 |

ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत नांदी विकास खंड पहाड़ी चित्रकूट


# महाकुंभ में उत्कृष्ट कार्य के लिए सीओ सम्मानित

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)



सीओ फहद अली को सम्मानित करते एसपी अरुण कुमार सिंह और एएसपी सत्यपाल सिंह।

**अमृत विचार।** क्षेत्राधिकारी फहद अली को महाकुंभ प्रयागराज के दौरान उत्कृष्ट कार्य और सुरक्षा व्यवस्था में विशेष योगदान के लिए महाकुंभ सेवा मेडल से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनके कार्यों की सराहना की। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह ने क्षेत्राधिकारी फहद अली को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। अधिकारियों ने उनके कार्यों की प्रशंसा की और आशा जताई कि वह आगे भी इसी तरह कर्तव्यों का पालन करते रहेंगे।



सेवानिवृत्त अध्यापकों को विदाई देते सहकर्मी। अमृत विचार

### तीन प्रवक्ताओं को सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी विदाई

**रामनगर चित्रकूट।** श्री गोस्वामी इंटर कालेज छीबों में तीन प्रवक्ताओं को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। प्रवक्ता और जिलाध्यक्ष माध्यमिक शिक्षक संघ राघवेंद्र कुमार मिश्र, विष्णुदत्त मिश्र और हरिकिशुन सिंह को विद्यालय सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दी गई। प्रबंधक संतोष पांडेय, प्रधानाचार्य शिवशंकर और पूर्व प्रधानाचार्य रामराज पांडेय ने तीनों को श्रीरामचरित मानस भेंट किया। रामराज पांडेय ने कहा कि नियुक्ति और तबादला तथा सेवानिवृत्ति यह नौकरी के सतत अंग हैं लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि व्यवहार कैसा रहा। प्रबंधक ने इनकी लगन और योगदान की सराहना की। विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवशंकर ने कहा कि एक शिक्षक अपने जीवन से कभी सेवानिवृत्त नहीं होता। उसकी समाज बनाने एवं सुधारने की सेवा जिंदगी भर चलती रहती है।


अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2019 रोल नंबर 1411382 व इंटर मीडिएट परीक्षा वर्ष 2021 रोल नंबर 216163105 के अंक पत्र व प्रमाण पत्र वास्तव में कही खो गये हैं। **दीप्ती पुत्री प्रेमनारायण किशनी रोड बिधूना जनपद औरैया।**

**NOTICE**
I, Suneel Sharma, father of Siddhant Sharma (minor), resident of Braham Nagar, Bharthana, Etawah, hereby declare that my child's name has been changed from Ronak to Siddhant Sharma. His correct Date of Birth is 30/01/2010.

**सूचना**
मैं अली हुसैन पुत्र स्व. गाजी शाह निवासी ग्राम नरायच तहसील मौदहा जिला हमीरपुर उ.प्र. अपने पुत्र मोहम्मद सलाह उददीन को उसके गलत आचरण के चलते दिनांक 19.02.2026 से अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। इसके द्वारा किए गए किसी भी लेनदेन से मेरा कोई सरोकार नहीं है, अपने द्वारा किए गए लेनदेन के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होगा। **अली हुसैन पुत्र स्व. गाजीशाह निवासी ग्राम नरायच, तहसील मौदहा जिला हमीरपुर**

**सूचना**
मैं श्रीमती प्रेम कुमारी पत्नी मोहनलाल निवासी ग्राम धरमपुर पोस्ट बैकुंठपुर जनपद कानपुर नगर यह घोषणा करती हूं कि मेरे बेटे महेश चंद्र की सरकारी नौकरी की सेवा पुस्तिका में मेरी जन्म तिथि 12/8/1955 त्रुटिवश दर्ज हो गई है जबकि सही जन्मतिथि 01/01/1960 है जो आज के बाद से जानी जाएगी। अत: सेवा पुस्तिका के दस्तावेज में मेरी वास्तविक जन्म तिथि का सुधार किया जाए।

**सूचना**
मेरे आधार कार्ड में पूर्व मे नाम शोभना पुत्री सुखवीर सिंह व जन्मतिथि 1997 दर्ज है जो कि गलत है। मेरे समस्त शैक्षिक अभिलेखों में मेरा नाम शिवानी कुमारी व जन्मतिथि 23-7-1995 है जो कि सही है। मेरा नाम शिवानी कुमारी व जन्मतिथि 23-7-1995 ही पढ़ा लिखा व जाना माना जाये। **शिवानी देवी पत्नी पवनकुमार निवासी- जरयापुर -पोस्ट -तिलकपुर फॉर्म - तहसील- बिधूना -जनपद औरैया।**

**सूचना**
मेरे पेनकार्ड में नाम प्रीती (Priti) त्रुटिवश गलत दर्ज हो गया है। जब कि मेरा सही नाम प्रीती कठेरिया (Preeti Katheria) है। जो मेरे आधार कार्ड में दर्ज है। अब भविष्य में मुझे प्रीती कठेरिया (Preeti Katheria) के नाम से जाना पहचाना जाये। **प्रीती कठेरिया पत्नी समर सिंह निवासी न्यू अजीतनगर, जिला इटावा**


## दिशा-निर्देश

धुस मैदान के सब्जी विक्रेताओं को स्थायी सब्जी मंडी भेजा जाए

# पार्कों व ऐतिहासिक स्थलों का डीएम ने लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट



तुलसी पार्क का मुआयना करते जिलाधिकारी पुलकित गर्ग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने बुधवार को जिला मुख्यालय के पार्कों का मुआयना किया। अधिशासी अधिकारी लालजी को निर्देश दिए कि धुस मैदान स्थित तुलसी पार्क के पास लग रही सब्जी मंडी को गल्ला मंडी में लगने वाली स्थायी गल्ला मंडी में स्थानांतरित किया जाए।

डीएम ने लखनऊ से आए आर्कीटेक्ट पवन सिंह और देवीना अग्रवाल के साथ पार्कों का निरीक्षण किया। तुलसी पार्क में बाउंड्रीवाल की ग्रिल सहित मरम्मत कार्य कराकर पेंटिंग कराने के निर्देश दिए। बंदरों की समस्या के मद्देनजर इसके चारों ओर फ्रेम में जाली लगवाने को कहा। फव्वारे को प्रतिदिन संचालित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आर्किटेक्ट से पार्क के सुंदरीकरण के लिए स्टीमेट तैयार करने को कहा और मुख्य द्वार को आकर्षक बनाने, पार्क का नाम अंकित कराने तथा वाहनों के प्रवेश को पूर्णतः प्रतिबंधित करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ फ्रंट एरिया में सुदृढ़ एवं आकर्षक फुटपाथ निर्माण कराने को कहा। धुस मैदान स्थित अन्य पार्क के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पार्क की दीवारों पर आकर्षक थीम आधारित पेंटिंग कराने तथा बेंचों की मजबूत एवं सुव्यवस्थित डिजाइन विकसित करने के निर्देश दिए। इसके लिए भी स्टीमेट तैयार कर स्वीकृति के लिए भेजने को निर्देशित किया। पुरानी कोतवाली परिसर में सड़क किनारे बिजली विभाग का सामान पड़ा मिलने पर नाराज डीएम ने एसडीओ को तीन दिन के भीतर इसे हटाने व अन्यथा की स्थिति में दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि परिसर में पड़ा मलवा तत्काल हटाया जाए तथा मुख्य द्वार पर आकर्षक लाइटिंग की जाए। साथ ही अवशेष भवनों का जीर्णोद्धार कर उन्हें उपयोगी एवं आकर्षक स्वरूप प्रदान करने के निर्देश दिए। इस दौरान आर्किटेक्ट ने बताया कि इस स्थल पर पार्क, मॉर्निंग वॉक ट्रैक, ओपन जिम के साथ-साथ कैफे एवं व्यवसायिक इकाइयों का विकास प्रस्तावित है। तहसील पार्क के मुआयने में जिलाधिकारी ने ओपन जिम की स्थापना के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि इस पार्क का विकास कार्य नगरपालिका द्वारा कराया जाएगा।

### सड़क चौड़ीकरण का भी किया मुआयना

- जिलाधिकारी ने ट्रैफिक चौराहे से पटेल तिराहे तक सड़क चौड़ीकरण आदि कामों का भी निरीक्षण किया। यह काम 1298.00 लाख रुपये से होना है। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था एवं संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि निर्माण संबंधी समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुए धरातल पर काम अतिशीघ्र प्रारंभ किया जाए। पोलों एवं ट्रांसफार्मरों को तत्काल स्थानांतरित किया जाए। उन्होंने संबंधित अभियंताओं को नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

### हमीरपुर में तैनात वनकर्मी की मौत

**चित्रकूट।** चित्रकूट के इटरौर भीखमपुर निवासी चंद्रशेखर वर्तमान में राठ में वन स्केलर के पद पर तैनात थे। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बीते दिन अचानक उनकी तबीयत बिगड़ने पर परिजनों ने उन्हें उरई में भर्ती कराया। हालत न सुधरने पर कानपुर ले गए, जहां उनकी मौत हो गई। एसपी ने बताया कि परिजन अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे कि इसी दौरान पुलिस को सूचना दी गई कि उनके पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है। परिजनों के अनुसार, इसमें विभागीय भ्रष्टाचार का आरोप लगाया गया है और अधिकारियों पर दबाव बनाने का आरोप है। एसपी ने बताया कि इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस हमीरपुर के अधिकारियों के संपर्क में है।

